*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
06 अप्रैल, 2023
चैत्र, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 166
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

**आज का मैच**
कोलकाता नाइट राइडर्स और रायल चैलेंजर बेंगलुरु के बीच 7.30 बजे रात से

VS

THE PATHSHALA

# The PathShala
Every Child Matters ! The Pathshala Cares !!

Bio शाला
For NEET/Medical

JEE MAIN / JEE ADVANCED, OLYMPIAD, NTSE,

For Academic Session (2023-24)

## Batch Commencement Date For
Class 8th,9th,10th - 6th April
Class 11th,12th Appearing. - 11th April
Class 12th Pass Students - 26th April

## Our Historical Result in

JEE MAIN JANUARY SESSION 2023
Total 57 Students Above 95 Percentile


Aakshat Kumar
99.4291786
Percentile


Aditya Ashok Pawar
99.4269876
Percentile


Prasoon Kumar
99.2889761
Percentile


Atul Mangal
99.4285009
Percentile


Vishal Pandey
99.3618048
Percentile


Harshit Chaudhary
99.2366685
Percentile


Tanish Bose
98.3626564
Percentile


Anuraag Biswal
97.7592303
Percentile

Our Star Performers Of 2 years Program


Samridhi Sahay
JEE ADVANCED 2022 AIR 1901
JEE MAIN 2022 AIR 995
Electrical Engineering
IIT (Mumbai)


Sunny Kumar
99.6760181 Percentile
Physics Percentile 99.87

Our Star Performers Of 12th Passout Batch


Kunal Yadav
IIST(Triuvantpuram)
Computer Science


Vaishali Jain
BIT Meshra
Computer Science


Priyank Pankaj
IIT Mumbai

3th,4th, & 5th Floor, Akash Complex, Doranda, Ranchi
(Doranda) 9771655056,

Contact Us:

408,4th Floor, Hari Om Tower, Lalpur, Ranchi
(Lalpur) 9771654536

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,500 रु./10 ग्राम
चांदी 78,000 रु./प्रति किलो



## अमेरिका से प्रकाशित द वॉल स्ट्रीट जर्नल की नजर में भाजपा दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित पार्टी

# मोदी की जादूगरी के कायल होने लगे हैं पश्चिमी देश

अमेरिका से प्रकाशित होनेवाली दुनिया की सर्वाधिक प्रतिष्ठित समाचार पत्रिका द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा को दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण पार्टी करार दिया है। पत्रिका ने चर्चित राजनीतिक टीकाकार वॉल्टर रसेल मीड द्वारा लिखित एक लेख प्रकाशित किया है, जिसमें कहा गया है कि अमेरिका के राष्ट्रीय हितों के दृष्टिकोण से भारतीय जनता पार्टी सर्वाधिक महत्वपूर्ण विदेशी राजनीतिक पार्टी है। रसेल मीड ने लिखा है, हालांकि यह भी सच है कि सर्वाधिक महत्वपूर्ण होने के बावजूद इस पार्टी को सबसे कम समझा गया है। भारत और दुनिया के राजनीतिक और कूटनीतिक परिदृश्य में मीड का यह लेख बेहद चर्चित हो गया है, क्योंकि इसमें कहा गया है कि गैर-भारतीयों की बड़ी तादाद इस पार्टी को समझ नहीं पायी है, क्योंकि इसकी वृद्धि उनके लिए सर्वाधिक अपरिचित और सांस्कृतिक इतिहास में हुई है। यह स्वाभाविक ही है, क्योंकि आजादी के बाद से विदेशों में भारत की जो छवि बन गयी थी, 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से उसमें आमूल-चूल बदलाव आया है। लेख में साफ किया गया है कि भाजपा की चुनावी सफलता उसके सांस्कृतिक और राजनीतिक मूल्यों के आधार पर हुई है, क्योंकि वह जनता से जुड़ाव की संस्कृति का पालन करते हुए आगे बढ़ रही है। इस लेख में मीड ने भारत के राजनीतिक इतिहास की पृष्ठभूमि में भाजपा के उदय और चुनावी परिदृश्य में इसकी लगातार सफलता के कारणों का बहुत बारीकी से विश्लेषण करते हुए साफ किया है कि इसके बावजूद भारत एक उलझनों भरा देश बना हुआ है, हालांकि 2014 के बाद भारतीय कूटनीति में धीरे-धीरे बदलाव परिलक्षित हो रहा है। इसमें कितना समय लगेगा, यह अभी बताना संभव नहीं है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल में प्रकाशित इस लेख में कही गयी बातों का हिंदी में अनुवाद किया है **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष

> “ अमेरिका के राष्ट्रीय हितों के दृष्टिकोण से भारतीय जनता पार्टी सर्वाधिक महत्वपूर्ण विदेशी राजनीतिक पार्टी है।
>
> **वॉल्टर रसेल मीड**, राजनीतिक टीकाकार

## 2014 के बाद भाजपा विश्व के केंद्र में आ गयी है



**दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण पार्टी है भाजपा**

- यह बाजार की अर्थव्यवस्था, पारंपरिक-सांस्कृतिक मूल्यों और जनप्रिय फैसले को एक साथ मिलाती है
- अमेरिकियों और पश्चिम के लोगों को भी भारत में भाजपा का महत्व और कद का पता चलने लगा है
- एक हिंदू भिक्षुक होने के बावजूद योगी आदित्यनाथ निवेश और बाजार के साथ अर्थव्यवस्था पर बात करते हैं

अमेरिका के राष्ट्रीय हितों के दृष्टिकोण से भारत की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण विदेशी राजनीतिक पार्टी है। इसके साथ यह भी सच है कि इसे सबसे कम समझा गया है।

यह महत्वपूर्ण है, क्योंकि 2014 में सत्ता में आने के बाद 2019 में दूसरा कार्यकाल जीतने और अब 2024 में फिर से जीत की ओर बढ़ रही भाजपा आज भारतीय राजनीति के केंद्र में सुरक्षित रूप से बैठी है। यह उस समय और महत्वपूर्ण हो जाता है, जब हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी रणनीति के प्रमुख सहयोगी के रूप में जापान के साथ भारत एक अग्रणी आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है। निकट भविष्य में भाजपा ऐसी निर्णायक भूमिका निभाने में प्रभावी होगी, जिसकी मदद के बिना बढ़ती चीनी शक्ति को संतुलित करने के अमेरिकी प्रयास विफल हो सकते हैं।

भाजपा को कम समझा जाता है, क्योंकि यह अधिकांश गैर-भारतीयों के लिए अपरिचित राजनीतिक और सांस्कृतिक इतिहास से बाहर निकलती हुई दिखती है। भाजपा का चुनावी प्रभुत्व आधुनिकीकरण के लिए एक विशिष्ट हिंदू दृष्टिकोण का पालन करने के कारण स्थापित हुआ है। इस दृष्टिकोण का विकास सामाजिक विचारकों और कार्यकर्ताओं की पीढ़ियों के प्रयासों के कारण हुआ है। इसके आधार पर भाजपा का विकास राष्ट्रीय नवीनीकरण के अस्पष्ट और सीमांत सामाजिक आंदोलन की सफलता को दर्शाता है। मुस्लिम ब्रदरहुड की तरह भाजपा पश्चिमी उदारवाद के कई विचारों और प्राथमिकताओं को खारिज करती है। यहां तक कि यह आधुनिकता की प्रमुख विशेषताओं को भी अपनाती है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की तरह भाजपा एक अरब से अधिक आबादी वाले देश को वैश्विक महाशक्ति बनाने की उम्मीद करती है। इजराइल में लिकुड पार्टी की तरह भाजपा लोक लुभावन बयानबाजी और पारंपरिक मूल्यों के साथ मूल रूप से बाजार समर्थक आर्थिक रुख को जोड़ती है। यहां तक कि यह उन लोगों के गुस्से को भी प्रसारित करती है, जिन्होंने महानगरीय, पश्चिम-केंद्रित सांस्कृतिक और राजनीतिक अभिजात्य वर्ग द्वारा बहिष्कृत और तिरस्कृत महसूस किया है।

अमेरिकी विश्लेषक, विशेष रूप से वामपंथी उदारवादी अक्सर नरेंद्र मोदी के भारत को देखते हैं और पूछते हैं कि यह डेनमार्क जैसा क्यों नहीं है। उनकी चिंता पूरी तरह गलत नहीं है। सत्तारूढ़ गठबंधन की आलोचना करने वाले पत्रकारों को उत्पीड़न और इससे भी बदतर स्थिति का सामना करने की बात कही जाती है, लेकिन यह अधिकांश मामलों में कपोल कल्पित है। हिंदू गौरव के खिलाफ खड़े होनेवाले पुनर्जन्मवादी धार्मिक अल्पसंख्यक भाजपा के बारे में दुष्प्रचार करते हैं कि यह भीड़ हिंसा का समर्थन करती है, लेकिन इसका कोई असर आम मतदाता पर पड़ता दिखायी नहीं देता। धार्मिक अल्पसंख्यकों का यह वर्ग सरकारी तंत्र द्वारा शत्रुतापूर्ण व्यवहार की ओर इशारा करता है, लेकिन इसकी कभी पुष्टि नहीं हो सकी है। बहुत से लोग राष्ट्रव्यापी हिंदू राष्ट्रवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ या आरएसएस की शक्ति से डरते हैं, जिसका भाजपा नेतृत्व से घनिष्ठ संबंध है।

लेकिन भारत एक जटिल जगह है और अन्य कई कहानियां भी हैं। भारत के पूर्वोत्तर में इसाई बहुल राज्यों में भाजपा को हाल में कुछ सबसे उल्लेखनीय राजनीतिक सफलताएं मिली हैं। लगभग 20 करोड़ की आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार को शिया मुसलमानों का मजबूत समर्थन प्राप्त है। जातिगत भेदभाव से लड़ने के प्रयासों में आरएसएस के कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है।

भाजपा और आरएसएस के वरिष्ठ नेताओं और उनके कुछ आलोचकों के साथ गहन बैठकों की एक शृंखला के बाद मुझे विश्वास हो गया है कि अमेरिकियों और पश्चिमी लोगों को आम तौर पर एक जटिल और शक्तिशाली आंदोलन के साथ और अधिक गहराई से जुड़ने की आवश्यकता है। ज्यादातर हाशिये पर रहने वाले बुद्धिजीवियों और धार्मिक उत्साही लोगों के एक समूह के नजरिये से आरएसएस शायद दुनिया का सबसे शक्तिशाली नागरिक-सामाजिक संगठन बन गया है। इसके ग्रामीण और शहरी विकास कार्यक्रम, धार्मिक शिक्षा और पुनरुद्धार के प्रयास और नागरिक सक्रियता के अलावा जीवन के सभी क्षेत्रों में सुधार की कोशिशें असर दिखाने लगी हैं। स्वयंसेवकों द्वारा संचालित कार्यक्रम राजनीतिक चेतना बनाने और सैकड़ों लाखों लोगों की ऊर्जा को केंद्रित करने में सफल रहे हैं।

ऐसा लगता है कि आंदोलन एक चौराहे पर पहुंच गया है। जब मैं उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिला, जिन्हें आंदोलन में सबसे कट्टरपंथी आवाजों में से एक माना जाता है और कभी-कभी 72 वर्षीय प्रधानमंत्री मोदी का उत्तराधिकारी भी कहा जाता है, तो मुझे बेहद आश्चर्य हुआ। बातचीत के दौरान उन्होंने अपने राज्य में निवेश और विकास लाने की बात की, जबकि वह एक मठ के प्रमुख हैं और हिंदू भिक्षुक हैं। इसी तरह आरएसएस के आध्यात्मिक और वैचारिक प्रमुख डॉ मोहन भागवत ने मुझसे भारत के आर्थिक विकास में तेजी लाने की आवश्यकता के बारे में बात की और इस विचार को खारिज कर दिया कि धार्मिक अल्पसंख्यकों को भेदभाव या नागरिक अधिकारों का नुकसान उठाना चाहिए।

एक विदेशी पत्रकार को शीर्ष नेताओं के ये बयान जमीनी स्तर तक कैसे पहुंचेंगे, इसका अनुमान लगाना असंभव है। लेकिन मुझे यह आभास हुआ कि एक बार हाशिये पर पड़े आंदोलन का नेतृत्व खुद को एक उभरती हुई शक्ति की स्वाभाविक स्थापना के रूप में स्थापित करना चाहता है और अपने सामाजिक और राजनीतिक आधार से संपर्क खोये बिना बाहरी दुनिया के साथ गहराई से और उपयोगी रूप से जुड़ना चाहता है।

भाजपा और आरएसएस के साथ जुड़ने का निमंत्रण ऐसा है, जिसे अमेरिकी अस्वीकार नहीं कर सकते। जैसे-जैसे चीन के साथ तनाव बढ़ रहा है, अमेरिका को आर्थिक और राजनीतिक साझीदार के रूप में भारत की जरूरत है। हिंदू राष्ट्रवादी आंदोलन की विचारधारा और इसके विकास क्रम को समझना व्यापारिक नेताओं और भारत के साथ आर्थिक रूप से जुड़ने की इच्छा रखने वाले निवेशकों के लिए उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि राजनयिकों और नीति निर्माताओं के लिए, जो रणनीतिक संबंधों को स्थिर स्तर पर रखना चाहते हैं।

# अंधेरा छंटा, सूरज निकला और कमल भी खिला

## अंत्योदय से राष्ट्रोदय की संकल्पना को साकार करने में जुटी है भाजपा



रमेश सिंह

आज से चार दशक से भी अधिक समय पूर्व भाजपा के प्रथम राष्ट्रीय अधिवेशन में युगपुरुष और हम सबके प्रेरणास्त्रोत श्रद्धेय अटल जी ने कहा था ... अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा। आज खुशी होती है कि युगपुरुष अटल बिहारी वाजपेयी की वह बात शाश्वत सत्य साबित हुई। इस देश का अंधेरा भी छंटा, नया सूरज भी निकला और कमल भी खिला। एक गहरे अंधेरे के बाद जो सूरज निकला है, वह सूरज समान रूप से सबको रोशनी दे रहा है। सबकी जिंदगी को रोशन कर रहा है। सबके प्रयास से, सबको साथ लेकर, सबका विकास कर रहा है। यह संभव हुआ है भाजपा के हर कार्यकर्ता के त्याग से, समर्पण से और संघर्ष से।

आज हम जिस भाजपा को देख रहे हैं, वह भाजपा यूं ही नहीं बनी है। उस भाजपा ने वह दिन भी देखे हैं, जब हम विपक्ष में रह कर, जनता के बीच सेवा का काम करते थे। उनके मुद्दों पर संघर्ष करते थे।

आज हम सरकार में रह कर विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सुशासन की संकल्पना को साकार कर रहे हैं। श्रद्धेय दीनदयाल उपाध्याय, श्रद्धेय श्यामा प्रसाद मुखर्जी, श्रद्धेय अटल जी, लालकृष्ण आडवाणी जी ने भाजपा की जो नींव रखी थी, वह नींव इतनी मजबूत रही कि आज पूरे देश भर में भाजपा एक वटवृक्ष की तरह खड़ा होकर, हर देशवासी को छाया दे रही है। किसी भी भाजपा कार्यकर्ता के लिए इससे अधिक खुशी का पल और कुछ नहीं हो सकता है। भाजपा के कार्यकर्ताओं के संघर्ष ने, हमारे दधीचियों के त्याग ने हमें जो शक्ति प्रदान की, जो सामर्थ्य प्रदान किया, वह शक्ति और सामर्थ्य राष्ट्र की सेवा में समर्पित है।

व्यक्तिगत और राष्ट्रीय चरित्र के साथ राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति समर्पित होकर भाजपा ने राजनीति की। अंत्योदय से राष्ट्रोदय की संकल्पना को साकार करने की दिशा में हर कार्यकर्ता ने संघर्ष किया। यह उसी संघर्ष का प्रतिफल है कि आज हम अंत्योदय से राष्ट्रोदय की संकल्पना को साकार कर पा रहे हैं। लोकसभा की दो सीटों से शुरू हुआ भाजपा का सफर आज 300 से अधिक सीटों तक पहुंचा है। यह संभव हुआ है हर एक कार्यकर्ता के समर्पण से, हमारे भाजपा के पुरखों के त्याग से, उनकी तपस्या से।

श्रद्धेय अटल जी ने जिस सूरज के निकलने की बात कही थी, वह सूरज निकल कर कई माध्यमों से अपनी रोशनी भी बांट रहा है। अपने शासनकाल में अटल जी ने विकास की जो बुनियाद रखी थी, उस बुनियाद को लेकर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी आगे बढ़ रहे हैं। जिस भय, भूख और भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने के लिए अटल जी ने राष्ट्र से वादा किया था, आज वह वादा मूर्त रूप ले रहा है।

यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा ने विगत नौ वर्षों में विकास की जो नींव रखी है। आजादी के अमृत काल में जो लकीर खींची है, यह आनेवाले 100 वर्षों के भारत की नींव है। नौ वर्ष के कम समय में सुदूरवर्ती गांव के लोगों तक आवास उपलब्ध कराना, पीने का शुद्ध पानी उपलब्ध कराना, बिजली उपलब्ध कराना, उनकी हर बुनियादी जरूरत का ख्याल रखना, उनके स्वास्थ्य की चिंता करना, सस्ती दवाएं उपलब्ध कराना, अच्छी शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराना, यह सारा कार्य इन नौ वर्षों में हुआ है। इन नौ वर्षों में सरकार ने देश के नागरिकों को आत्मनिर्भर बनना सिखाया। स्वाबलंबी बनना सिखाया है, यह कोई छोटी बात नहीं है। इस सरकार ने रेहड़ी, पटरी और खोमचे वालों की चिंता की। उनके लिए सस्ते लोन की व्यवस्था की, ताकि वे अपना रोजी-रोजगार कर सकें, जीवनयापन हो सके। अपना घर-परिवार व्यवस्थित तरीके से चला सकें। अंत्योदय का इससे बेहतर उदाहरण और कुछ नहीं हो सकता।

प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना ने इस देश के कितने ही गरीबों की जान बचायी है। उज्ज्वला योजना ने महिलाओं के जीवन से धुएं को दूर किया। किसान सम्मान निधि योजना ने किसानों को कर्ज से मुक्ति दिलायी। ऐसे कई उदाहरण भरे पड़े हैं, जिससे यह साबित होता है कि भाजपा की सरकार ने देश के हर वर्ग की चिंता की। विशेष रूप से उस वर्ग की, जो वर्षों से विकास की राह ताक रहा था। जो भ्रष्टाचार के मकड़जाल में उलझा पड़ा था। जो सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए दफ्तरों का चक्कर लगाता था। यह भाजपा के सुशासन की ही देन है कि आज 300 से अधिक केंद्र प्रायोजित योजनाओं की राशि सीधे लाभुकों के खाते में जा रही है। इतना बड़ा बदलाव लाना कोई सामान्य बात नहीं है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भाजपा ने देश को ऐसा सुशासन दिया कि विदेशों में भी हमारे डंके बज रहे हैं। इन सबके सार में जब हम देखेंगे तो एक ही बात नजर आती है कि यह सब कुछ भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता की मेहनत का परिणाम है। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी 16 से 18 घंटे काम कर रहे हैं। उनसे प्रेरणा लेकर भाजपा के सांसद-विधायक, हर कार्यकर्ता, यह कार्य कर रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता समाज और राष्ट्र हित में काम कर रहे हैं। हम सिर्फ राजनीति करने नहीं आये हैं, हम समाज की सेवा करने आये हैं। यही वजह है कि भाजपा देश ही नहीं, दुनिया में भी अपनी लोकप्रियता पा रही है। आज भाजपा के स्थापना दिवस पर करोड़ों देवतुल्य कार्यकर्ताओं को बधाई और शुभकामनाएं। भाजपा के दधीचियों को कोटि-कोटि प्रणाम।

**(लेखक भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य हैं।)**

# लोहरदगा से कांग्रेस ने शुरू की जय भारत सत्याग्रह सभा

## कांग्रेसी नेताओं ने मोदी सरकार पर जम कर निशाना साधा







### अघोषित आपातकाल से आजादी के लिए संघर्ष करें: अविनाश पांडे

सत्यकाम

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा झारखंड में लोहरदगा से जय भारत सत्याग्रह सभा की शुरुआत में समाहरणालय मैदान में सभा का आयोजन किया गया। प्रखंडों से कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। सत्याग्रह सभा की शुरूआत झारखंड कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, मंत्री बादल पत्रलेख, पूर्व मंत्री सुबोध कांत सहाय, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, केएन त्रिपाठी, सुखदेव भगत समेत अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। लोहरदगा में कांग्रेसियों का महा जुटान हुआ। भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भागीदारी निभायी। झारखंड राज्य के सभी जिलों में सत्याग्रह सभा कार्यक्रम किया जायेगा। मिशन 2024 लोकसभा चुनाव से भी जोड़ कर कांग्रेस के इस कार्यक्रम को देखा जा रहा है। पर, कांग्रेस नेताओं ने इसे चुनावी सभा न कह कर मोदी सरकार के खिलाफ लोकतांत्रिक आंदोलन कहा। सत्याग्रह सभा में कांग्रेसी नेताओं ने मोदी सरकार पर जम कर निशाना साधा। झारखंड प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा, मोदी सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों का गला घोट रही है। सदन में विपक्ष की आवाज दबाने के लिए षड्यंत्र किया जा रहा है। विपक्ष की आवाज दबाने के लिए राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त की गयी है। कांग्रेस नेता कार्यकर्ता गांव-गांव तक पहुंच कर मोदी सरकार के जनविरोधी चेहरा को दिखाने का काम करेंगे। कहा कि सत्याग्रह सभा 2024 लोकसभा चुनाव की चुनौती है। उसी का शंखनाद सत्याग्रह सभा है। अध्यक्षता और संचालन कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखेर भगत ने की। सभा को कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, सुखदेव भगत, कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, डॉ अजय शाहदेव, नेसार अहमद, जगदीश भगत जग्गू, मोहन दुबे ने भी संबोधित किया। इसमें सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि निशित जायसवाल, मोहन दुबे, शिव कुमार भगत, शाहिद अहमद बेलू, संदीप गुप्ता, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, वारिस कुरैशी समेत बड़ी संख्या में नेता कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद थे।

### नाजुक दौर से गुजर रहा देश : राजेश ठाकुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पूरा देश नाजुक दौर से गुजर रहा है। केंद्र की मोदी सरकार की तानाशाही के कारण लोकतंत्र खतरे में आ गया है। अडाणी के खिलाफ बोलने पर राहुल गांधी को केस में उलझा कर सजा दी गयी। मोदी सरकार के जनविरोधी चेहरे को कार्यकर्ता जन जन तक सामने लाने का काम करें। वर्तमान में लोकतंत्र की रक्षा करने की राह में राहुल गांधी चल रहे हैं और देश की जवानी उनके साथ चल रही है।

### देश के ताजा हालात पर सत्याग्रह का रास्ता: सुबोधकांत सहाय

पूर्व केंद्रीय मंत्री सह कांग्रेस के दिग्गज नेता सुबोध कांत सहाय ने कहा कि आजादी के सात दशक बाद सत्याग्रह करने की स्थिति आना बताता है कि न्यायपालिका केंद्र से संचालित होनेवाली है, एजेंसी बेबस हो गयी हैं। राहुल गांधी की आवाज बंद करने का प्रयास कर लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। देश के ताजा हालात पर सत्याग्रह का रास्ता कांग्रेस ने चुना है। कहा, मोदी सरकार देश के लिए त्याग बलिदान करने वाले नेहरू गांधी परिवार का बाल बांका भी नहीं कर सकती है। कांग्रेस विचारधारा के लोग पूरे देश में एकजुट हो रहे हैं।

### अडाणी के खजाने केअसली मालिक हैं मोदी: धीरज साहू

राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के कुशासन से लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। देश की जनता का गाढ़ी कमाई का पैसा अपने मित्र अडाणी समूह को मोदी दे रहे हैं। अडाणी के खजान के असली मालिक नरेंद्र मोदी हैं। अडाणी और मोदी के संबंध में पूछने पर बौखलाहट में राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त की गयी।

### लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की लड़ाई लड़ रही है कांग्रेस: डॉ रामेश्वर उरांव

वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि भाजपा सरकार के कुशासन में लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रही है। जबसे केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है विपक्ष को साजिश के तहत बोलने नहीं दिया जाता है। कांग्रेस पार्टी के त्याग बलिदान की गौरवशाली पृष्ठभूमि रही है। कहा कि झारखंड में कांग्रेस और जेएमएम की सरकार राशन दुकान के माध्यम से गरीबों को अनाज उपलब्ध करा रही है। लगभग बीस लाख नये लाभुकों को खाद्यान्न दिया जा रहा है।

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

06 अप्रैल, 2023
चैत्र, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 166

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही




भारत में इस महीने खुलेगा एपल का पहला स्टोर : मुकेश अंबानी के जियो वर्ल्ड ड्राइव मॉल में मिलेंगे आइफोन






## पहल : सीएम ने रिम्स में नये अकादमिक भवन का उद्घाटन किया, नियुक्ति पत्र बांटे

# गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना लक्ष्य : हेमंत

- 173 चिकित्सा पदाधिकारियों और 297 आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को बांटे नियुक्ति पत्र
- कार्डियोलॉजी विभाग का किया दौरा, अत्याधुनिक कैथलैब और इको मशीन का किया लोकार्पण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को राज्य के सबसे बड़े अस्पताल राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में कार्डियोलॉजी विभाग का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अत्याधुनिक कैथलैब और इको मशीन का उद्घाटन भी किया। बाद में रिम्स सभागार में उन्होंने चिकित्सा पदाधिकारियों और आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों के बीच नियुक्ति पत्र भी बांटे। नियुक्ति पत्र वितरण के अलावा सीएम ने नवनिर्मित अकादमी भवन का उद्घाटन भी किया। आज के कार्यक्रम के दौरान राज्य से एनीमिया मिटाने के संकल्प के साथ एनीमिया किट का लोकार्पण किया गया। कार्डियोलॉजी और रेडियोलॉजी विभाग की चार महत्वपूर्ण मशीनों का लोकार्पण होने से रिम्स में इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करायी जा सकेगी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नियुक्ति पत्र पाने वाले सभी चिकित्सा पदाधिकारियों और सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों के कंधों पर राज्य के स्वास्थ्य क्षेत्र की बड़ी जिम्मेदारी रहेगी। आज से आप सभी लोग सरकार के अभिन्न अंग के रूप में कार्य करते हुए राज्य में स्वास्थ्य सेवा को और मजबूती प्रदान करेंगे। ग्रामीण क्षेत्र की जनता हो या शहरी क्षेत्र की जनता, उसके स्वास्थ्य की रक्षा का जिम्मा अब आपके हाथों में है। यह आप सभी जानते हैं कि राज्य के सुदूर क्षेत्रों में स्वास्थ्य की क्या स्थिति है। हो सकता है कि कर्तव्य निर्वहन के दौरान आपके सामने हर दिन हर वक्त कई चुनौतियां आयेंगी। इन चुनौतियों का सामना आप कैसे करेंगे, यह आप पर निर्भर करेगा।

### स्वास्थ्य रक्षा की जिम्मेदारी आपके कंधों पर

सीएम ने कहा कि आज से सरकार आपकी जिम्मेदारी ले रही है और आज से ही इस राज्य के गरीब-गुरबा लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा की जिम्मेदारी आपको लेनी है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार आज के इस तकनीकी युग में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, उसी प्रकार स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। सीएम ने कहा कि हमारी सरकार कल्याणकारी सोच के साथ सभी वर्ग-समुदाय के लोगों को समान नजर से देखने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रही है। आज हम रिम्स परिसर के अलग-अलग विभागों में लेटेस्ट टेक्नोलॉजी की मशीनें लगा रहे हैं, ताकि जरूरतमंद मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा दे सकें। उन्होंने कहा कि वैसे सुदूर क्षेत्र, जहां के ग्रामीणों को रिम्स पहुंचने में समय लगता है अथवा वे रिम्स नहीं पहुंच पाते हैं, उनके स्वास्थ्य की जिम्मेदारी अब आप सभी नवनियुक्त चिकित्सा पदाधिकारियों के कंधों पर है। आने वाले समय में भी स्वास्थ्य क्षेत्र में कई और महत्वपूर्ण कड़ियां जुड़ेंगी। आज तो बस शुरुआत है।

### स्वस्थ और समृद्ध झारखंड के सपने को साकार करेंगे : बन्ना

मौके पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि आज राज्य सरकार की ओर से 173 चिकित्सा पदाधिकारी एवं 297 आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र मिला है। लोग चिकित्सकों को भगवान का दूसरा रूप मानते हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि आप सभी नवनियुक्त चिकित्सा पदाधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड निरंतर समृद्धि की ओर आगे बढ़ रहा है। आगे भी बेहतर कार्य करते हुए हमारी सरकार स्वस्थ और समृद्ध झारखंड के सपने को साकार करेगी।

### ये रहे उपस्थित

मौके पर कांके विधायक समरी लाल, विकास आयुक्त-सह-अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग अरुण कुमार सिंह, सीएम की प्रधान सचिव वंदना डाडेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, रिम्स निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद, निदेशक आयुष फजलुस शमी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी को हाइकोर्ट से मिली जमानत



**रांची** रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी की अपील पर बुधवार को झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने ममता देवी को गोला गोली कांड में जमानत दे दी। इससे पहले उन्हें एक और मामले में जमानत मिल चुकी है। इसके बाद ममता देवी के जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो चुका है। वहीं इस केस के दूसरे दोषी राजीव जायसवाल को भी हाइकोर्ट ने जमानत दे दी है। कोर्ट ने दोनों को जुर्माना की राशि जमा करने की शर्त पर जमानत दी है। ममता देवी की याचिका पर हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस नवनीत कुमार की अदालत में सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता भोलानाथ ओझा ने पक्ष रखा। वहीं ममता देवी की ओर से अधिवक्ता अनुराग कश्यप ने बहस की। बता दें कि पूर्व विधायक ममता देवी को रामगढ़ सिविल कोर्ट और हजारीबाग सिविल कोर्ट ने दो अलग-अलग मामलों में सजा सुनायी है। एक मामले में 13 दिसंबर 2022 को उन्हें पांच साल की सजा मिली थी, वहीं दूसरे मामले में 4 जनवरी 2023 को हजारीबाग की विशेष कोर्ट ने गोला गोलीकांड के मामले में ममता देवी और भाजपा नेता राजीव जायसवाल को दो-दो साल की सजा सुनायी थी। इन्हीं दोनों सजा को चुनौती देते हुए ममता देवी की ओर से हाइकोर्ट में अपील की गयी थी।

## चतरा मुठभेड़ में घायल नक्सली पलामू से गिरफ्तार

- पांच लाख का इनामी है नंदकिशोर यादव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले की पिपराटाड़ पुलिस ने बुधवार को कई कांडों में वांछित माओवादी सबजोनल नंद किशोर यादव उर्फ ननकुरिया सहित एक ग्रामीण चिकित्सक को गिरफ्तार किया है। सुरक्षा बलों के हत्थे चढ़ा माओवादी 3 अप्रैल को चतरा के लावालौंग पुलिस मुठभेड घायल हुआ था। इसके पास 15 लोड कारतूस के साथ संभवत पुलिस की एक इंसास रायफल बरामद की गयी है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को दी है। बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि मुठभेड़ में घायल एक माओवादी पिपराटांड थानांतर्गत ग्राम गिरी के आसपास जंगली क्षेत्र में छिप कर अपने समर्थकों के सहयोग से झोला छाप डाक्टर से इलाज करा रहा है। इस सूचना के आधार पर बुधवार की सुबह थाना प्रभारी पिपराटांड हीरालाल साह के नेतृत्व में पुलिस छापामारी करने गयी। टीम में पुअनि कुंदन कुमार पासवान, पांकी थाना व पुलिस जवान शामिल थे। पुलिस टीम सूचना के आलोक में पिपराटांड व लावालौंग थाना के सीमावर्ती गांव गिरी, सेहदा, कलगी आदि के जंगल में टोह लेती रही। इस बीच सुबह करीब नौ बजे गिरी के जंगल में एक आदमी को कराहते हुए पकड़ा गया। उसने पेट में गोली लगने की जानकारी दी। बताया कि वह 3 अप्रैल को लावालौंग में पुलिस मुठभेड में शामिल था। बाद में उसकी निशानदेही पर लोडेड इंसास रायफल व तीन मोबाइल फोन बरामद किया गया। घटना में इसके पांच साथी गौतम पासवान, चार्लीस उर्फ तुफान उर्फ अजीत उरांव, संजीत, अजय उर्फ नंदू यादव, ग्राम सिकनी, थाना लावालौंग, अमर गंझू उर्फ अमर जी उर्फ धीरज, ग्राम अम्बाटांड, थाना लावालौंग मारे गये हैं। पुलिस ने इसका इलाज कर रहे थाना लावालौंग निवासी मुखिया पति देहाती चिकित्सक जगदीश यादव को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बेहतर इलात के लिए रिम्स भेज दिया है।

## गुमला में बस से कैश भरे पांच बैग बरामद, एक गिरफ्तार

- बैग में सोने के बिस्किट होने का भी चर्चा
- पुलिस ने बैग किया सील, आइटी टीम पहुंची

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुमला पुलिस ने मंगलवार रात करीब दो बजे एक बस से पांच बड़े बैग बरामद किये। इन बैगों में कोरोड़ों रुपये कैश होने की बात बतायी जा रही है। साथ ही सोने के बिस्किट होने की भी चर्चा है। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि गुमला पुलिस ने अभी इस बाबत कुछ भी पुष्टि नहीं की है। ये बैग किसके हैं? बैग कहां से आ रहा था और कहां भेजा जा रहा था? बैग में कितने रुपये हैं? सोने के कितने बिस्किट हैं? इन तामाम बातों का अधिकारिक तौर पर कोई खुलासा नहीं किया गया है। हालांकि बैग में नोट ठूंस-ठंस कर भरे होने की बात सामने आ चुकी है।

### कैसे बरामद हुए बैग:

रात के लगभग 2:00 बजे गुमला से गुप्ता नामक एक बस गुजरती है। यह बस बिहार के सासाराम से खुलती है और राउरकेला तक जाती है। रात के समय चूंकि बस स्टैंड में राउरकेला जाने के लिए पैसेंजर नहीं होते, इसलिए बस पड़ाव में ना ठहर कर सीधे थाना रोड होते हुए ओड़िशा का रास्ता पकड़ लेती है। पुलिस को यह भनक पहले ही मिल चुकी थी कि गुप्ता नामक बस में कुछ संदिग्ध चीज बैग में भरकर लायी जा रही है। पुलिस टीम ने लोहरदगा रोड स्थित गुमला पॉलिटेक्निक के पास बस को रोका। बस की तलाशी ली गयी, तो डिक्की से पांच बड़े बैग बरामद हुए। बरामद बैग के साथ एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस बैग और हिरासत में लिये व्यक्ति को थाने लेकर आयी। पुलिस को जैसे आभास हुआ कि बैग में कैश भरा हुआ है, उसे फौरन एक कमरे में रख कर सील कर दिया गया। इसके बाद घटना की जानकारी आला अधिकारियों को दी गयी।




### तरह-तरह की चर्चाएं:

बुधवार सुबह घटना आग की तरह पूरे शहर में फैल गयी। इस मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। चर्चा यह है कि बैग में बैग में 7 करोड़ से अधिक नगद और करोड़ों रुपये के सोने के बिस्किट हैं। इसके अलावा यह भी बताया जा रहा है कि इस बैग को लेकर तीन लोग बस में मौजूद थे, लेकिन दो लोग वहां से निकलने में कामयाब रहे। चर्चा यह भी है कि बरामद रुपये दिल्ली के किसी व्यापारी के पास से उड़ा कर लाया जा रहा था, जिसकी सूचना व्यापारी ने ही पुलिस को दी थी। चर्चा यह भी है कि रात में दो व्यक्ति मोटरसाइकिल में कई लोगों से डाल्टनगंज का रास्ता पूछते हुए मिले थे। इसे भी बैग बरामदगी के साथ जोड़ा जा रहा है। कहा जा रहा है कि ये बाइक सवार बस की रेकी कर रहे थे।

### आयकर विभाग की टीम पहुंची

पुलिस ने मामले की जानकारी आयकर विभाग को दे दी है। बुधवार दोपहर आयकर की टीम गुमला पहुंच गयी है। टीम के अधिकारी हिरासत में लिये गये व्यक्ति से पूछताछ कर रहे हैं। खबर लिखे जाने तक मामले का साफ तौर पर खुलासा नहीं हो पाया था।

## साहिबगंज जिला खनन कार्यालय में इडी का छापा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**साहिबगंज।** साहिबगंज के जिला खनन कार्यालय में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की टीम ने छापा मारा। इससे पहले ऋषिकेश पांडेय के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम जिला खनन पदाधिकारी विभूति कुमार के कार्यालय में पहुंची। वहां कागजातों की जांच शुरू की गयी। वहां मंडरो सीओ को भी बुलाया गया। बताया जा रहा है कि इडी की टीम मंडरो प्रखंड के मारीकुटी, महादेवगंज और रस्सीस्थान भी गयी। वहां पहाड़ की मापी की गयी। बता दें कि इससे पहले भी इडी की टीम ने साहिबगंज जिला खनन कार्यालय में पहुंच कर छापामारी की थी। इडी की टीम ने मंडरो अंचल के मारीकुटी मौजा में मां अंबा स्टोन वर्क्स के दो क्रशर प्लांट को तत्काल फ्रीज कर दिया था। जानकारी के अनुसार एनजीटी के निर्देश पर अवैध खनन को लेकर इडी की टीम यहां पहुंची है।

## निलंबित आइएएस अफसर पूजा सिंघल के खिलाफ आरोप गठन 10 को

**रांची।** इडी की ओर से दर्ज की गयी मनी लॉन्ड्रिंग केस की आरोपी निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल के खिलाफ इडी कोर्ट में चार्ज फ्रेम (आरोप गठन) के बिंदु पर सुनवाई पूरी हो गयी है। दोनों पक्षों की ओर से सुनवाई होने के बाद कोर्ट ने आरोप गठन के लिए 10 अप्रैल की तिथि तय की है। आरोप गठन की प्रकिया के बाद पूजा सिंघल के खिलाफ ट्रायल शुरू किया जा सकता है। इससे पहले इडी की विशेष कोर्ट ने 3 अप्रैल को अपना फैसला सुनाते हुए पूजा की डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था। डिस्चार्ज याचिका खारिज होने से पूजा सिंघल को बड़ा झटका लगा है। इडी कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में मनरेगा घोटाला मामले में सुनवाई चल रही है। पूजा सिंघल फिलहाल प्रोविजनल बेल पर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें कई शर्तों के साथ अंतरिम जमानत दी है। इससे पहले कोर्ट ने पूजा सिंघल को एक महीने की अंतरिम जमानत दी थी। तब पूजा सिंघल ने अपनी बीमार बेटी की देखभाल करने का हवाला देकर जमानत की मांग की थी।

## विपक्षी दलों को सुप्रीम कोर्ट में लगा झटका

### केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग से जुड़ी याचिका पर सुनवाई से इनकार

- 14 विपक्षी दलों ने दायर की थी याचिका

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) और प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के दुरुपयोग से जुड़ी कांग्रेस के नेतृत्व में 14 विपक्षी दलों की याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। इसके बाद विपक्षी दलों ने अपनी याचिका वापस ले ली। याचिका में विपक्षी नेताओं के खिलाफ सीबीआइ और इडी जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों के मनमाने उपयोग का आरोप लगाया गया था। याचिका में गिरफ्तारी, रिमांड और जमानत जैसे मामलों को नियंत्रित करने वाले दिशा-निर्देशों का नया सेट जारी करने की मांग की गयी थी। विपक्षी दलों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने तर्क दिया कि 2013-14 से 2021-22 तक सीबीआइ और इडी के मामलों में 600 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इडी की ओर से 121 राजनीतिक नेताओं की जांच की गयी है, जिनमें से 95 प्रतिशत नेता विपक्षी दलों से हैं। सीबीआइ की 124 जांचों में से 95 प्रतिशत से अधिक विपक्षी दलों से हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने सिंघवी से पूछा कि क्या हम इन आंकड़ों की वजह से कह सकते हैं कि कोई जांच या कोई मुकदमा नहीं होना चाहिए? क्या नेताओं को इससे अलग रखा जा सकता है? सर्वोच्च कोर्ट का कहना है कि अंततः एक राजनीतिक नेता मूल रूप से एक नागरिक होता है और नागरिकों के रूप में हम सभी एक ही कानून के अधीन हैं। इस पर सिंघवी ने कहा कि पक्षकार नहीं चाहते कि याचिका से भारत में कोई लंबित मामला प्रभावित हो और वे मौजूदा जांच में हस्तक्षेप करने के लिए भी नहीं कह रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि किसी मामले के तथ्यों से संबंध के बिना सामान्य दिशानिर्देश देना खतरनाक होगा।

### इन दलों ने लगायी थी याचिका

कांग्रेस, द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक), राष्ट्रीय जनता दल (राजद), भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस), तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), आम आदमी पार्टी (आप), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा), शिवसेना (यूबीटी), झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), जनता दल यूनाइटेड (जदयू), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), समाजवादी पार्टी (सपा) और जम्मू कश्मीर नेशनल कान्फ्रेंस।




# चीन ने चली पुरानी चाल

भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के अंदर स्थित 11 स्थानों के नाम बदलने की चीनी सरकार की घोषणा हालांकि सांकेतिक है, लेकिन इसकी टाइमिंग अहम है। यह घोषणा ऐसे समय की गई है, जब कुछ सप्ताह बाद ही शंघाई कोऑपरेशन संगठन (एससीओ) के सम्मेलन में सदस्य देशों के रक्षा मंत्री शामिल होने वाले हैं। इसके लिए चीनी रक्षा मंत्री ली शांगफू भी भारत आने वाले हैं। यही नहीं, एससीओ बैठक के ही सिलसिले में अगले महीने चीनी विदेश मंत्री चिन गांग और जून में चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग का भी भारत दौरा तय हो चुका है। ऐसे में स्वाभाविक ही भारत सरकार इस मसले को ज्यादा तूल नहीं देना चाहती। भारत सरकार की तरफ से तत्काल इस पर कोई औपचारिक प्रतिक्रिया भी नहीं जताई गई, लेकिन इससे दोनों देशों के रुख पर कोई फर्क नहीं पड़ता। चीन सरकार भारत के अरुणाचल प्रदेश को साउथ तिब्बत कहती और उस पर अपना दावा जताती रही है। इस दावे को भारत स्वीकार नहीं करता, लेकिन अपनी तरफ से इसे रेखांकित करने के लिए चीन विभिन्न स्थानों को चीनी नाम देने का प्रयास करता रहता है। हाल के वर्षों में यह उसकी तीसरी ऐसी कोशिश है। इससे पहले भारत उसकी इन कोशिशों को खारिज कर चुका है। जाहिर है, इसका जमीनी हकीकत पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला। ये इलाके भारत का अभिन्न हिस्सा हैं और बने रहेंगे। मगर विशेषज्ञों के मुताबिक इसके पीछे चीन की यह मंशा हो सकती है कि अगर कभी ये दावे इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस में आये तो वहां वह अपने दावे को मजबूती देने के लिए इन कथित सबूतों का इस्तेमाल कर सके। गौर करने की बात यह भी है कि ऐसे हथकंडे चीन सिर्फ भारत के मामले में नहीं अपना रहा। साउथ चाइना सी और ईस्ट चाइना सी में भी उसने ऐसा ही किया है। मगर फिलहाल इन सांकेतिक कदमों में उलझने के बजाय यह देखने की जरूरत है कि चीनी नेताओं की आगामी भारत यात्राओं का इस्तेमाल करते हुए क्या दोनों देशों के बीच जारी तनाव को कम करने की कोई राह निकाली जा सकती है। ध्यान रहे, जून 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद दोनों देशों के रिश्तों में जो गिरावट आयी और विश्वास का जो संकट पैदा हुआ, वह अभी तक कायम है। इस बीच सैन्य और राजनयिक स्तर की कई दौर की बातचीत के जरिए विवाद के कई बिंदु सुलझाए गए, लेकिन सीमा पर दोनों तरफ सेना की बड़ी संख्या में तैनाती अभी भी बनी हुई है। यह स्थिति किसी के लिए भी फायदेमंद नहीं है। अगर दोनों तरफ से विश्वास बहाली की दिशा में उपयुक्त कदम उठाए जाएं और इसका प्रभावी मैकेनिज्म बन जाए तो मतभेदों और विवादों के बीच भी सीमा पर शांति बनाए रखी जा सकती है, यह खुद इन दोनों देशों के रिश्तों का इतिहास साबित करता है। फिलहाल दोनों देशों को इसी लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

**चीन ने भारत के अरुणाचल प्रदेश के अंदर स्थित 11 स्थानों के नाम बदलने घोषणा की। चीन की ये हरकत हास्यास्पद है। हाल के वर्षों में यह उसकी तीसरी ऐसी कोशिश है। इससे पहले भारत उसकी इन कोशिशों को खारिज कर चुका है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**इस बार नीति आयोग द्वारा जारी की गयी सतत विकास पैमाना की रैंकिंग में झारखंड औद्योगिक विकास के क्षेत्र में झारखंड 33 पायदान नीचे लुढ़क गया है, वहीं अर्थिक विकास के मामले में भी 16 स्थानों की गिरावट आयी है। झारखंड जैसे प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न राज्य के लिए ऐसी स्थिति बनना चिंताजनक है और औद्योगिक विकास के प्रति राज्य सरकार की उदासीनता का प्रमाण भी है।**

# विकास के पायदानों में पिछड़ता झारखंड



दीपक प्रकाश




**देश के खनिज सम्पदा का 40% हिस्सा अपने गर्भ में धारण किये झारखण्ड मूल्य संवर्धन के माध्यम से देश का अग्रणी राज्य बन सकता है। झारखण्ड को जरूरत है कि यहां के विभिन्न संसाधनों में मूल्य संवर्धन के लिए छोटे एवं लघु उद्योगों को बढ़ावा दे।**

झारखंड देश के औद्योगिक विकास के पहिए को निरंतर चलाए रखने के लिए सर्वाधिक खनिज संसाधन उपलब्ध कराता है। लेकिन इस बार नीति आयोग द्वारा जारी की गयी सतत विकास पैमाना की रैंकिंग में झारखंड औद्योगिक विकास के क्षेत्र में झारखंड 33 पायदान नीचे लुढ़क गया है, वहीं अर्थिक विकास के मामले में भी 16 स्थानों की गिरावट आयी है। झारखंड जैसे प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न राज्य के लिए ऐसी स्थिति बनना चिंताजनक है और औद्योगिक विकास के प्रति राज्य सरकार की उदासीनता का प्रमाण भी है।

हर नीति को संशोधित करने और बड़े बड़े दावों करने की आदत से ग्रसित हेमंत सरकार ने वर्ष 2021 में निवेश तथा रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए उद्योग नीति में भी संशोधन किया। लगभग 1 लाख करोड़ रुपये का निवेश और 5 लाख लोगों के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के बड़े-बड़े दावे के साथ सरकार ने दिल्ली में इनवेस्टर समिट का आयोजन किया और अपनी उद्योग नीति की बारीकियों से निवेशकों को लुभाने का प्रयास भी किया। झारखंड औद्योगिक और निवेश संवर्धन नीति 2021 के तहत अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा स्थापित करना, विनिर्माण को बढ़ावा देना, समावेशिता को बढ़ाना, नवाचार को बढ़ावा देना और सभी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करने का प्रावधान किया लेकिन धरातल पर इसमें से कोई भी प्रावधान शायद ही लागू हुई। इस औद्योगिक नीति में कई खामियां भी रह गईं।

**इंफ्रास्ट्रक्चर की समस्या से व्यापारियों और अधिकारियों में समन्वय का अभाव नजर आ रहा है।**

नयी औद्योगिक नीति में पीपीपी मोड का प्रावधान नहीं होने की वजह से राज्य को हो रही क्षति की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए उद्योगपतियों ने सरकार को आगाह करते हुए बताया था कि इससे राज्य में औद्योगिक माहौल नहीं बन पाता है। व्यवसायियों को सरकार द्वारा जमीन अलॉटमेंट के बावजूद हैंडओवर होने में काफी परेशानी होती है और कानूनी जटिलताओं के कारण उद्योग के लिए जमीन मिलने में ढेर सारे प्रशासनिक अड़चनें भी आती हैं। इसके अलावा जो उद्योग पहले से चल रहे हैं वो यदि भविष्य में अपने हिस्से की जमीन को बेचना चाहते हैं तो इसमें सरकार को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उद्योग जगत से जुड़े लोगों का मानना है कि पॉलिसी में पारदर्शिता एवं साफ नीयत के अभाव से उद्योग प्रभावित होता है, जिसका नकारात्मक असर छोटे उद्योग धंधे पर देखने को मिलता है। यही स्थिति रही तो छोटे-छोटे उद्योग आने वाले समय में बंद हो जाएंगे।

इंफ्रास्ट्रक्चर की समस्या से व्यापारियों और अधिकारियों में समन्वय का अभाव नजर आ रहा है। व्यापारियों से यह नहीं पूछा जाता कि आपकी आवश्यकता क्या है? बिजली, पानी, सड़क और कानून व्यवस्था की परेशानी राज्य के इंडस्ट्रियल एरिया में आम बात है। झारखंड में बिजली की लचर हालत किसी से छुपी नहीं है, कुछ दिनों पहले स्थिति इतनी विकराल हो गई थी कि बिजली आधारित लगभग 18000 उद्योग धंधे बंद होने की कगार पर आ गए थे। फिलहाल बिजली की स्थिति में कोई खास सुधार नहीं आया है, जिसके कारण ये उद्योग वैकल्पिक व्यवस्था के भरोसे संचालित हो रहे हैं। इसी प्रकार कई महत्वपूर्ण सड़क और प्रस्तावित इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का काम राज्य सरकार से एनओसी नहीं मिलने के कारण रुका हुआ है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी राज्य को हरसंभव मदद का आश्वासन दे चुके हैं लेकिन सरकार एवं अधिकारियों की निष्क्रियता के चलते कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाएं अब भी अधूरी पड़ी हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के समय में बनाई गई टेक्सटाइल पालिसी की देशभर में प्रशंसा हुई थी। कई बड़ी कंपनियां राज्य में आयीं। इससे हजारों की संख्या में रोजगार का सृजन हुआ। भाजपा की अन्य पूर्ववर्ती सरकारों ने भी इंफ्रास्ट्रक्चर और उद्योग, खासकर छोटे उद्योगों पर विशेष ध्यान दिया। हालांकि 2019 में सरकार बदलने के बाद पहले जैसी स्थितियां नहीं रहीं। झारखंड में 2400 करोड़ रुपये का निवेश करने वाली राज्य की सबसे बड़ी कपड़ा निर्माता कंपनी ओरियंट क्राफ्ट ने 2020 में अपना व्यापार बंद कर दिया जिससे 5000 लोग बेरोजगार हो गए। कंपनी के प्रबंधन से जुड़े लोगों ने बताया था कि हेमंत सरकार ने कंपनी को सरकार की तरफ से मिलने वाली लगभग 33 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि को बंद कर दिया था। इसी प्रकार राज्य में लाखों लोगों को रोजगार मुहैया कराने और अरबों रुपये का राजस्व देने वाला खनन उद्योग भी खस्ताहाल में है। कागजी प्रक्रिया में जटिलता के कारण खनन व्यवसाय से जुड़े हजारों लोगों के खदानों का लीज व अन्य लाइसेंसों का नवीनीकरण नहीं हो पा रहा है। जबकि दूसरी ओर धड़ल्ले से अवैध खनन का कार्य चल रहा है, इससे सरकार को राजस्व का नुकसान भी हो रहा है और संसाधनों का दोहन भी। कोरोना काल में सरकार ने व्यवसाइयों के लिए राहत की कई घोषणाएं की थीं लेकिन ये घोषणाएं फाइलों में ही सिमट कर रह गयीं। जल, जंगल, जमीन का नारा देने वाली हेमंत सरकार अपने एजेंडे पर ही पिछड़ती नजर आयी। जमीन पर जीवन और पर्यावरण संरक्षण के मामले में भी पिछले साल की तुलना में 28 पायदान की गिरावट दर्ज की गई है।

लगातार विफलता हाथ लगने के बावजूद हेमंत राजनीतिक हठ के कारण नीतियों में आवश्यक बदलाव नहीं करना चाहते। देश के खनिज सम्पदा का 40% हिस्सा अपने गर्भ में धारण किये झारखण्ड मूल्य संवर्धन के माध्यम से देश का अग्रणी राज्य बन सकता है। झारखण्ड को जरूरत है कि यहां के विभिन्न संसाधनों में मूल्य संवर्धन के लिए छोटे एवं लघु उद्योगों को बढ़ावा दे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को यह समझना होगा कि वे एक संवैधानिक पद को सुशोभित कर रहे हैं और इसकी जिम्मेवारियां भी निजी हित से इतर राज्य हित में शामिल होती हैं। यदि सवा तीन साल से सत्तासीन हेमंत विकास कार्यों में पिछड़ेपन के लिए पूर्ववर्ती सरकारों और कोरोना महामारी को जिम्मेदार मानते हैं, तो इससे एक स्पष्ट संदेश जाएगा कि हेमंत में इच्छाशक्ति का घोर अभाव है। राज्य सरकार उद्योग नीति की समीक्षा कर इसे थोड़ा लचीला बनाए, लाइसेंस आदि निर्गत करने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम भी दुरुस्त करे, ताकि उद्योग धंधे अनवरत चलते रहें और झारखंड का आर्थिक विकास होता रहे।

**(लेखक, झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद हैं)**

## जमशेदपुर और देश-विदेश की खबरें

# अब टाटा स्टील में 75 फीसद स्थानीय को नौकरी

# सरकार ने मांगा कंपनियों से आंकड़ा, कितने स्थानीय कर रहे हैं काम, टाटा स्टील ने जारी किया सर्कुलर

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से झारखंड सरकार ने निजी कंपनियों में 75 फीसदी स्थानीय लोगों को नौकरी देने का फैसला लिया है। पिछले साल ही इस पर फैसला लिया गया, अब इसे लेकर सरकार कंपनियों पर भी नजर रख रही है। टाटा स्टील ने राज्य सरकार की नौकरियों में 75 फीसदी स्थानीय को आरक्षण देने के आदेश का अनुपालन करने को लेकर सर्कुलर जारी कर दिया है। इस फैसले के बाद अब टाटा स्टील में स्थानीय लोगों के लिए रोजगार की संभावनाएं बढ़ गयी हैं।

**40 हजार के वेतन तक 75 फीसदी स्थानीय :** झारखंड सरकार ने निजी क्षेत्र की कंपनियों में 40 हजार रुपये तक वेतन वाले पदों पर 75% स्थानीय लोगों को बहाल करने का कानून बनाया है। पिछले वर्ष 8 सितंबर को झारखंड विधानसभा ने इस विधेयक को पास कर दिया था। इसके बाद सभी निजी कंपनियां इस दिशा में प्रयास कर रही हैं कि स्थानीय युवाओं की भागीदारी और बढ़ायी जाये। इस दिशा में अब टाटा स्टील ने भी हाथ आगे बढ़ाया है। टाटा स्टील ने सभी ठेकेदारों, वेंडरों को 75 फीसदी स्थानीय को ही नौकरी पर रखने का आदेश दे दिया है। कर्मचारियों की ट्रेनिंग करा कर अपग्रेड करने का आदेश भी दिया गया है। राज्य सरकार भी लगातार कंपनियों पर नजर रख रही है। सरकार की ओर से कंपनियों को नोटिस भेजा गया था।

### सरकार ने मांगा है कंपनियों से आंकड़ा

**सरकार ने सभी सभी वेंडरों और अनुषंगी कंपनियों को एक फॉर्म भर कर देने का भी आदेश दिया है। इस फॉर्म में उनसे आंकड़ा मांगा गया है कि उनके अधीन कितने कर्मचारी कार्यरत हैं? उनके ग्रेड क्या है? और किस ग्रेड में कितने स्थानीय हैं? स्थानीय का प्रमाण पत्र भी जमा कराने को कहा गया है।**

# बिहार विधानसभा: मार्शल ने भाजपा विधायक को टांग कर बाहर किया

# मुख्यमंत्री से हिंसा पर जवाब मांग रहे थे, स्पीकर भड़के

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटना।** बिहार में हिंसा को लेकर विधानसभा में बजट सत्र के आखिरी दिन भाजपा विधायकों ने जमकर हंगामा किया। भाजपा विधायक जीवेश मिश्रा को 5 मार्शलों ने टांगकर सदन से बाहर निकाला। इस पूरे वाकये का वीडियो सामने आया है। रामनवमी के दौरान हुई हिंसा को लेकर बुधवार को ये विधायक सदन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जवाब मांग रहे थे। स्पीकर ने उन्हें 2-3 बार बैठने को कहा। जब वे नहीं माने तो स्पीकर ने मार्शल बुलाकर विधायक जीवेश मिश्रा को बाहर निकालने का आदेश दे दिया। इसके बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गयी। जब कार्यवाही फिर से शुरू हुई तो स्पीकर ने समापन भाषण देकर उसे अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित कर दिया।

उधर, सदन से मार्शल आउट हुए विधायक जीवेश मिश्रा ने आरोप लगाया कि सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। मैंने तो सिर्फ बिहार में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर सवाल पूछा था। मुख्यमंत्री को बुलाकर जवाब देने की मांग की थी।

# पेपर लीक केस में तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष गिरफ्तार

## बंदी संजय कुमार को आधी रात घर से उठा ले गयी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**हैदराबाद।** तेलंगाना में एसएससी बोर्ड का पर्चा लीक मामले में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंदी संजय को पुलिस ने मंगलवार आधी रात गिरफ्तार कर लिया। पुलिस करीमनगर स्थित उनके आवास पर पहुंची और उन्हें गाड़ी में बैठाकर ले गयी। इस दौरान भाजपा समर्थकों और पुलिस के बीच टकराव की स्थिति भी बनी। पुलिस बंदी संजय को पहले यद्रादी भुवनगिरी जिले के बोम्माला रामाराम पुलिस स्टेशन ले गयी। भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक पुलिस कार्रवाई का विरोध करने यहां भी बड़ी संख्या में पहुंच गये। इसके बाद पुलिस ने संजय को बुधवार सुबह करीब 11 बजे जनगांव जिले के पालाकुर्थी में मेडिकल एग्जाम के लिए ले गयी। इसके बाद कोर्ट में पेश किया।

बंदी संजय के खिलाफ करीमनगर और वारंगल में दो एफआइआर दर्ज हुई हैं। ये दोनों एफआइआर भाजपा कार्यकताओं के हंगामे और छात्रों को विरोध प्रदर्शन करने के लिए उकसाने के आरोप में की गयी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 अप्रैल को तेलंगाना के दौरे पर रहेंगे। वे हैदराबाद में वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। प्रधानमंत्री के आने से ठीक तीन दिन पहले बंदी संजय की गिरफ्तारी से तेलंगाना की राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है। बता दें कि राज्य में इसी साल के आखिरी महीने में विधानसभा चुनाव होने हैं।

### क्या है पेपर लीक मामला

**पुलिस के मुताबिक, 4 अप्रैल को वारंगल में राज्य में सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट बोर्ड के हिंदी का परीक्षा शुरू होने के कुछ ही देर में पेपर लीक हो गया था। पूर्व जर्नलिस्ट और मौजूदा भाजपा कार्यकर्ता भूराम प्रशांत ने इस पेपर की तस्वीरें सोशल मीडिया पर सकुर्लेट कर दीं। इस केस में मुख्य आरोपी का भाजपा से कनेक्शन होने के कारण पुलिस ने बंदी संजय कुमार को गिरफ्तार किया है।**

# कलकत्ता हाइकोर्ट ने कहा- बंगाल सरकार केंद्र से फोर्स मांगे

# हनुमान जयंती पर केंद्र ने राज्यों को एडवाइजरी जारी की, माहौल बिगाड़ने वाली चीजों पर नजर रखें

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली/कोलकाता।** देश के कई राज्यों में रामनवमी पर हिंसा के बाद गृह मंत्रालय ने बुधवार को सभी राज्यों के लिए एडवाइजरी जारी की। मंत्रालय ने कहा कि हनुमान जयंती पर शांति बनी रहे, इसके लिए कानून-व्यवस्था बनाये रखें। हर ऐसी चीज पर नजर रखें, जिससे साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका हो। हनुमान जयंती 6 अप्रैल को है। उधर, कलकत्ता हाइकोर्ट ने भी बंगाल सरकार को इसी सिलसिले में निर्देश दिये। हाइकोर्ट ने कहा कि अगर आपके पास पुलिस कम है तो आप केंद्र से फोर्स मांगिये। केंद्र सरकार भी तुरंत आपकी अपील पर कदम उठाये। हमें लोगों की सुरक्षा करनी है। कोर्ट ने कहा कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए कोई भी राजनीतिक शख्सियत या कोई नेता या आम आदमी गुरुवार को मनाये जाने वाले त्योहार को लेकर जनता या मीडिया के सामने कोई बयान नहीं देगा।

गौरतलब है कि 30 मार्च को रामनवमी पर पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में हिंसा हुई थी। इसके बाद तीन दिनों तक इन राज्यों के कुछ इलाकों में तनाव बना रहा था। इन राज्यों में 100 से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए थे। सबसे ज्यादा बिहार और बंगाल प्रभावित हुआ।

महत्वपूर्ण न्यूज

## थाना प्रभारी ने यत्र तत्र लगने वाले टेंपो और बाजार क्षेत्र में रात्रि प्रहरी की नियुक्ति को लेकर की चर्चा



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में व्यवसायिक संघ और टेंपो चालकों के साथ बैठक कर यत्र तत्र लगने वाले टेंपो और बाजार क्षेत्र में रात्रि प्रहरी की नियुक्ति को लेकर चर्चा की। इस दौरान टेंपो चालकों ने टेम्पो के लिए स्थाई स्टैंड की मांग रखी, जबकि भवनाथपुर व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने भवनाथपुर बाजार क्षेत्र में चोरी की घटना, पॉकेटमारी और रात में सुरक्षा की बात रखी। संघ के सचिव नवल किशोर प्रसाद ने कहा कि टेंपो चालक या सभी तरह के व्यवसायी सभी हमारे संघ के अंग हैं, और उनकी सुरक्षा और सुविधा कि हरसंभव प्रयास किये जायें। इस पर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने कहा कि सभी की सुविधा को देखते हुए भवनाथपुर से सभी टेंपो नंबर सिस्टम से निकलेंगे साथ ही जो इससे राजस्व प्राप्ति होगी। यह पैसा भवनाथपुर क्षेत्र में निजी रूप से रात्रि प्रहरी रखा गया है, उन्हें भुगतान किया जाएगा। जिसकी निगरानी भवनाथपुर व्यवसायी संघ करेगा। उन्होंने कहा कि भवनाथपुर की सुरक्षा को देखते हुए रात्रि प्रहरी के रूप में स्थानीय छह युवकों को रखा गया है, जो थाने के चौकीदार और गश्ती दल के साथ मिलकर भवनाथपुर की सुरक्षा व्यवस्था की देखरेख करेंगे। इस मौके पर व्यवसायिक संघ के ओम प्रकाश आर्य, मुन्ना साह, सनी बैठा, राजनाथ साह, अशोक दुबे, अजय गुप्ता, मोहम्मद मकसूद, अख्तर अंसारी, संतोष कुमार, सोनू मेहता , सत्येंद्र पासवान, ईद मोहम्मद अंसारी, सुजीत यादव, दीपक दुबे सहित अन्य व्यवसायी एवं टेंपो चालक उपस्थित थे।

## सगमा बीडीओ ने जन चौपाल कार्यक्रम में लगाये आरोपों को निराधार बताया



**सगमा (आजाद सिपाही)।** बीते तीन अप्रैल को बिलासपुर बगीचा में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के नेतृत्व में लगे जन चौपाल कार्यक्रम में सगमा बीडीओ सत्यम कुमार ने अपने ऊपर लगे गंभीर आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि प्रखंड में दलाली बंद होने से लोगों द्वारा मुझपर आरोप लगाया गया है। इस संबंध में बीडीओ सत्यम कुमार ने बताया कि सगमा प्रखण्ड में पहले दलालों का बोलबाला था। योजनाओं के नाम पर गरीबों से पैसा की उगाही की जाती थी मगर मेरे कार्यकाल में सभी योजनाओं का लाभ सीधे गरीबों को मिल रहा है। इस कारण दलाल किस्म के लोगों द्वारा मुझपर अनाप शनाप आरोप लगाकर मुझे बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। इसी क्रम में तीन अप्रैल को नगर उंटारी प्रखण्ड के बिलासपुर जन चौपाल में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के समक्ष मेरे ऊपर योजनाओं में धन उगाही का लगाया गया आरोप पूरी तरह निराधार है।

## डीपीएम जेएसएलपीएस गढ़वा, सुरेश सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** डीपीएम खरछ्ढर गढ़वा, सुरेश सिंह का देर रात हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया। स्व० सिंह के आकस्मिक निधन पर उनके आत्म की शांती हेतु आज समाहरणालय गढ़वा परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में उपायुक्त गढ़वा, शेखर जमुआर समेत सभी वरीय पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वारा मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रह कर प्रार्थना किया गया। उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त ने जिला प्रशासन की ओर से उनके आकस्मिक निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि हमने एक अच्छा पदाधिकारी को खोया है, जो काफी पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में हम मृतक के परिजनों के साथ खड़े है, उनके परिजनों को हर संभव सहायता पहुंचाया जाएगा। शोक सभा में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा समेत अन्य वरीय पदाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** राजकीय महोत्सव के प्रचार के लिए उपायुक्त ने दो प्रचार रथों को किया रवाना

# 8- 9 अप्रैल को होगा बंशीधर महोत्सव का भव्य आयोजन

**प्रचार रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में जाकर लोगों को महोत्सव से संबंधित जानकारी देंगे एवं महोत्सव से जुड़े प्रचार-प्रसार करने का कार्य करेंगे**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** 08 एवं 09 अप्रैल 2023 को आयोजित होने वाले राजकीय महोत्सव के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं लोगों तक महोत्सव संबंधित जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना।

दिनांक 08 एवं 09 अप्रैल 2023 को श्री बंशीधर नगर अनुमण्डल मुख्यालय में राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव 2023 का आयोजन किया जाना है।

राजकीय महोत्सव के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं लोगों तक महोत्सव संबंधित जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से आज समाहरणालय गढ़वा परिसर से उपायुक्त शेखर जमुआर एवं उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय द्वारा हरी झंडी दिखाकर दो रथों को रवाना किया गया।

उल्लेखनीय है कि राजकीय महोत्सव के लिए विशेषकर रवाना किए गए रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में जाकर लोगों को महोत्सव से संबंधित जानकारी देंगे एवं महोत्सव से जुड़े प्रचार-प्रसार करने का कार्य करेंगे।

प्रचार-प्रसार रथ रवाना करते समय मौके पर मुख्य रूप से निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंसीधर नगर आलोक कुमार, स्थापना उप समाहर्ता अरुण उरांव, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रामचंद्र केशरी ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

**डॉ राम मनोहर लोहिया चेतना मंच के सदस्यों ने की 'सड़क से सदन तक' कॉफी टेबल बुक के लोकार्पण कार्यक्रम की समीक्षा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** पूर्व मंत्री सह भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केशरी के चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में बुधवार को डॉ राम मनोहर लोहिया चेतना मंच के सदस्यों की बैठक मंच के अध्यक्ष अश्विनी कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विगत 23 मार्च को आयोजित डॉ राममनोहर लोहिया की 113वीं जयंती व पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी के जीवन पर आधारित 'सड़क से सदन तक' कॉफी टेबल बुक के लोकार्पण कार्यक्रम की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने डॉ राममनोहर लोहिया की 113वीं जयंती व पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी के जीवन पर आधारित 'सड़क से सदन तक' कॉफी टेबल बुक लोकार्पण समारोह को भव्य व सफल बताया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह कार्यक्रम काफी सराहनीय रहा। मंच के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ राम मनोहर लोहिया चेतना मंच के कार्यकर्ताओं के योगदान के लिये उन्हें धन्यवाद दिया तथा मंच के संरक्षक पूर्व मंत्री रामचन्द्र केशरी व मंच के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कार्यकर्ताओं को 'सड़क से सदन तक' पुस्तक व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। जिन पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया उनमें डॉ राम मनोहर लोहिया चेतना मंच के सचिव प्रकाश चन्द्र सेठी, कमलेश बिहारी, रमेश प्रसाद, रामकेश्वर प्रसाद, अशोक पासवान, रमाशंकर जायसवाल, घनश्याम प्रसाद, अनिल गुप्ता, सुनील चंद्रवंशी, सत्येंद्र कुमार ठाकुर, रामचन्द्र यादव, बालेश्वर मेहता, ब्रजेश कुमार, अनिल कुमार गुप्ता, इब्राहिम अंसारी, सलीम अंसारी, ओमप्रकाश, हीरा प्रसाद, नंदू साव, ओमप्रकाश मेहता, सोबराती खां, जीवधन साव, अरुण कुमार, गुड्डू विश्वकर्मा सहित अन्य के नाम शामिल हैं।

## मुखिया ने विद्यालय किट का किया वितरण

**केतार (आजाद सिपाही)।** उत्क्रमित मवि मुकुंदपुर में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित राज्य सरकार विद्यालय किट योजना के तहत बुधवार को विद्यालय के छात्र-छात्राओं को विद्यालय किट का वितरण किया गया। इस मौके पर मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह ने 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं के बीच किट का वितरण किया। वहीं मूंगा साह ने सभी शिक्षकों से आग्रह करते हुए कहा कि इस विद्यालय में पढ़ने वाले सभी गरीब के बच्चे हैं, इसलिए सभी शिक्षक पूरे मनोयोग से बच्चों को शिक्षा प्रदान करें। चूंकि बच्चे ही देश के भविष्य हैं व शिक्षक इनके जीवन को संवार सकते हैं। वहीं उन्होंने बच्चों से कहा कि प्रतिदिन ससमय विद्यालय पहुंचकर ठीक से पढ़ाई करें। मौके पर बीडीसी प्रतिनिधि इंतयाज आलम, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, प्रभारी प्रधानाध्यापक सुरेंद्र ठाकुर, शिक्षक विजय सिंह, देवकुमार सिंह, दयाशंकर वैद्य, संयोजिका प्रियंका चौबे, मणि लाल गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कड़ी मेहनत और ध्येय ही सफलता का राज है : एमपी केसरी

**जीएन इंटरनेशनल स्कूल गढ़वा में वार्षिक परीक्षाफल का किया गया प्रकाशन**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** एसके मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित जीएन इंटरनेशनल स्कूल गढ़वा में वार्षिक परीक्षाफल प्रकाशित दिवस के अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2022-2023 का वर्ग प्ले क्लास से सप्तम तक के विद्यार्थियों का प्रकाशन किया गया।विद्यालय सभागार में उपप्राचार्य सीमा सिन्हा की अध्यक्षता में समारोह आयोजित कर सभी विद्यार्थियों को वार्षिक रिपोर्ट कार्ड दी गई।इस अवसर पर निदेशक एम पी केशरी ने छात्र छात्राओं को बताया कि कड़ी मेहनत और आगे का ध्येय लेकर लगन से अध्ययन कर आप जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।अनुशासन ही आपकी पहचान है। उन्होंने कहा कि विद्यर्थियों के व्यक्तित्व विकास में विद्यालय निरतंर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, इसमें अभिभावकों की महत्वपूर्ण योगदान है।परीक्षा नियन्त्रक चमन भारती ने विद्यालय प्रबंधन के साथ साथ सभी शिक्षकों, विद्यर्थियों और उनके अभिभावकों के प्रति आभार प्रकट किया।वहीं प्राचार्य ने कहा कि आज आप पूरे वर्ष के उपरांत यह उपलब्धि हासिल कर रहे हैं, यदि इसी प्रकार आप शुरू से ही मेहनत करेंगे तो सफलता निश्चित है। जो बच्चे कम अंक लाए हैं, वे अभी से ही पढ़ाई में लग जाए। वहीं शिक्षिका कल्पना तिवारी ने स्कूल के गतिविधियों और उपलब्धियों से उपस्थित अभिभावकों को अवगत कराया।उपस्थित अभिभावकों ने अपने बच्चों के विकास गतिविधि, उनके प्रगति के बारे में जाना एवं अपने सुझावों को भी साझा किया।इस अभिभावक शिक्षक बैठक में छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र,मोमेंटो और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस मौके पर सभी शिक्षक और अभिभावकों की उपस्थिति रही।

## दिन दहाड़े बैंक के नीचे खड़ी महिला से पैसे लेकर फरार हुए अपराधी

**घटना की जानकारी मिलते ही एसआई विकास कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे आसपास के सीसीटीवी के फुटेज से घटना को अंजाम देने वालो तीन लोगों की पहचान में जुटे हैं**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत के मुख्य मार्ग स्थित बस स्टैंड के समीप स्टेट बैंक के नीचे एक महिला अपने खाते से पैसा निकल कर एक दुकान पर खड़ी थी। जिसे पॉकेटमारों ने निशाना बनाते हुए उसके पास से 20,000 रुपए लेकर फरार हो गये।

उक्त घटना की जानकारी देते हुए महिला ने बताया कि बुधवार को लगभग 11 बजे वह बैंक से पैसा निकालने गयी थी। पैसा निकाल कर वह नीचे आयी और एक दुकान पर खड़ी थी। अचानक उसका थैला फटा हुआ दिखा और उसमें से पैसे गायब थे। महिला ने बताया कि उसके पति की तबियत खराब है। उनके इलाज के लिए ही वह पैसा निकालने आयी थी।

इधर घटना की जानकारी मिलते ही एसआई विकास कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। आसपास के सीसीटीवी कैमरा के फुटेज से पता चला कि तीन लोगों के द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। जिन्हें सीसीटीवी में देखा जा सकता है। उनकी पहचान खबर लिखने तक नहीं हो पायी है। प्रशासन उनकी पहचान कर आगे की कार्रवाई करेगा।

e–Procurement Cell
Office of the Superintending Engineer
Building Construction Department,
Building Circle, Hazaribagh-825301
sebcdcirclehzb@gmail.com Ph. No.-06546-222640

ई–निविदा रद्द की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि PR No.: 291868 (Building)22-23(D) Tender Reference No.- BCD/BCHZB/GIRIDIH/28/2022-23 Dated: 28.02.2023 द्वारा प्रकाशित ई–निविदा आमंत्रण को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
भवन निर्माण विभाग, भवन अँचल हजारीबाग

PR 294572 Building(23-24).D

झारखण्ड सरकार
श्रम,नियोजन, प्रशिक्षण एवं
कौशल विकास विभाग
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,गढ़वा

सूचना पत्रांक.............

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड रांची के पत्रांक – 524 दिनांक – 31.03.2023 के आदेशानुसार पलामू प्रमंडल के सभी युवाओं एवं प्रतिष्ठानों को सूचित किया जाता है कि CTS एवं Apprenticeship प्रशिक्षण के अतंर्गत लाभान्वित हुए हैं वे दिनांक – 03.04.2023 से 08.04.2023 तक Success Story बना कर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा में आवश्यक रूप से जमा कर दें।

अतः CTS एवं Apprenticeship प्रशिक्षण के अतंर्गत CTS/PMNAM/WORKSHOP आदि से लाभान्वित होने वाले युवाओं / प्रतिष्ठानों से Success Story प्राप्त कर DGT/MSDE को भेजने हेतू निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड रांची को एक सप्ताह के अंदर भेजा जाना है।

इसे अति आवश्यक समझा जाए।

PR 294508 Labour Employment and Traning(23-24).D

प्रभारी प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,गढ़वा

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

शुद्धि- पत्र

एदत् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा के ई–निविदा आमंत्रण संख्या– 298/2022-23/RWD/KODERMA, दिनांक– 23.03.2023, PR No.- 293497 द्वारा प्रकाशित निविदा में क्र0सं0– 01, 02 और 03 में कार्य समाप्ति की अवधि 18 माह के स्थान पर 15 माह पढ़ा जाए।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhand tenders.gov. in में देखा जा सकता है। अन्य शर्ते यथावत रहेगें।

PR 294553 Rural Work Department(22-23)#D

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

झारखण्ड-सरकार
Skill India
श्रम, नियोजन, एवं प्रशिक्षण विभाग
औद्योगिक प्रशिक्षण सस्थान, गढ़वा प्राचार्य का कार्यालय
CITS COURSES में नामांकन कराने के संबंध में
सूचना

निदेशालय पत्रांक 525 दिनांक 31.03.2023 के आलोक में ITI प्रशिक्षणरत एवं वर्ष 2019 से उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को CITS COURSES में नामांकन कराने का सरकार का योजना है इस योजना के अतंर्गत 30% चुनिंदा / बेहतर प्रशिक्षणार्थियों का चयन कर उन्हें CITS COURSES में नामांकन कराने हेतू Coaching Class कराया जाना है। Coaching Class के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा में संपर्क कर निःशुल्क नामांकन लेना है। Coaching Class को समाप्त होने पर उक्त प्रशिक्षणर्थियों का चयन कर झारखण्ड के चार ITI में रांची (समान्य), चाईबासा, हजारीबाग एवं महुआडाँड़ (लातेहार) में व्यवसाय Fitter] EM, Mechanic Diesel एवं Welder में CITS COURSES में प्रशिक्षण के लिए उक्त संस्थानों में भेजा जाएगा। जहाँ सरकार अपने स्तर से CITS COURSES में प्रशिक्षण देकर ITI में प्रशिक्षण अधिकारी के रूप में सेवा देने का अवसर दे सकती है। इसलिए आप सभी प्रशिक्षणर्थी इस COURSES में Coaching के लिए नामांकन ले सकते हैं।
Coaching के लिए अभ्यर्थी शैक्षणिक योग्यता, प्रशैक्षणिक योग्यता, आधार कार्ड, जाति, निवास एवं पासपोर्ट साईज फोटो के साथ ITI गढ़वा में आकर अपना स्थान सुनिश्चित कर सकते है।

अतः गढ़वा जिला अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक के सभी अभ्यर्थी इस सुनहरे अवसर का लाभ उठायें एवं अपने भविष्य को सँवारें एवं रोजगार एवं स्वरोजगार की दिशा में अहम कदम बढ़ायें।

इस Coaching Courses हेतू कोई भी मार्ग व्ययी भत्ता देय नहीं है, न ही आवास की व्यवस्था है।

नोटः–इस प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा से प्राप्त की जा सकती है।

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
गढ़वा।

PR.NO.294507 Labour Employment and Traning(22-23):D

**कार्यक्रम :** आरपी विमला निकेतन में साइंस एग्जीबिशन और रिजल्ट डिस्टीब्यूशन कार्यक्रम आयोजित

# साइंस एग्जीबिशन में विद्यालय के बच्चों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आरपी विमला निकेतन फरठिया में साइंस एग्जीबिशन एवं रिजल्ट डिसटीब्यूशन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यालय के बच्चों ने अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें बच्चों द्वारा बनाए गए प्रारूप ना केवल सराहनीय थे बल्कि जितनी प्रशंसा की जाए कम थे। बच्चों ने सोलर एक्लिप्स, लूनर एक्लिप्स ,लंदन ब्रिज ,पोलूशन ,अर्थ क्विक अलार्म ,सेंस ऑर्गन, वोल्केनो, लेयर आफ सॉयल ,वाटर डिस्पेंसर, वाटर साइकिल ,डाइजेस्टिव सिस्टम, फेसेस ऑफ मून ,स्टेट एंड कैपिटल, वैक्यूम क्लीनर ,हार्ट फंक्शन, किडनी फंक्शन को प्रारूप के माध्यम से बड़ी सुंदर तरीके में प्रस्तुत किया जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय करना काफी मुश्किल रहा। जिसके कारण मनीष राज, अफजाल अंसारी, वारिस रजा, दाऊद रजा, आफरीन नाज को प्रथम पुरस्कार एवं शैला निगार, मुस्कान खातून, शाइस्ता परवीन, रागिनी कुमारी, खुशनुमा प्रवीण, अयान रजा को द्वितीय एवं आशू कुमार गुप्ता, शाहिद रजा, मयंक कुमार, अजीत कुमार, सुप्रिया कुमारी, नैतिक कुमार को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

इसके अलावा कक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय आने वाले बच्चे को क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया जिसमें एलकेजी में रिफत फातिमा संजार नवाज, राजू रंजन ,यूकेजी में आरसी नाज ,अयान रजा, वन में हिमानी कुमारी ,मुस्कान खातून, मन्नत नूरी, क्लास टू में रागिनी कुमारी ,सुप्रिया कुमारी ,ज्योति कुमारी, क्लास 3 में आफरीन नाज, रुखसार खातून, शैला निगार, क्लास फोर में वारिस रजा, नैतिक कुमार, क्लास 5 में शाहिद रजा, अजीत कुमार अयाज अंसारी मनीष राज आदि मुख्य थे.रिफत फातिमा को स्टूडेंट ऑफ द ईयर घोषित किया गया .इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अनिरुद्ध केसरी ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यालय में अभिभावक उपस्थित थे जिनमें नसीम उल हक, समीर अंसारी, गोविंद कुमार गुप्ता, अनिल कुमार मेहता, मंतोष कुमार गुप्ता, राजू विश्वकर्मा आदि ने बच्चों को भरपूर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सुशील केसरी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए बताया कि बच्चों पर विशेष ध्यान देकर पढ़ाने से काफी लाभ होता है. बच्चों की गतिविधियों पर अभिभावकों की निगरानी आवश्यक होती है। यदि शिक्षक और अभिभावक मिलकर कार्य करते हैं तो उनके बच्चे भविष्य में काफी अच्छा करते हैं।

निदेशक सुशील केसरी ने उपस्थित सभी अभिभावकों और बच्चों को हार्दिक शुभकामना दी।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 06 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in
08

## डायन बिसाही मामले में महिला सहित 70 ग्रामीणों को बनाया अभियुक्त, 13 गिरफ्तार

# विरोध में थाना के बाहर बैठे ग्रामीण

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुआडांड़ प्रतिनिधि ।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के एक गाँव में ग्रामीणों ने डायन बिसाही का आरोप लगाकर वृध्द दंपति का सिर मुंडकर चूना लगाया और फिर पूरे गाँव में घुमाया था। जिससे लेकर दंपति द्वारा महुआडांड़ थाना में प्राथमिक दर्ज कराया गया। इस संबंध में डीएसपी राजेश कुजूर ने बताया कि सुचना मिलने पर घटना की गंभीरता को देखते हुए तुरंत थाना प्रभारी आशुतोष यादव निर्देश एंव वरीय अधिकारी निदेशित पर कार्रवाई करते हुए घटना स्थल जाकर पीड़ित के बयान काण्ड अंकित किया गया। जिसमें 13 नामजद सहित एक महिला व अन्य 60 से 70 अज्ञात ग्रामीणों अभियुक्त बनाया गया तुरंत गिरफ्तारी करते हुए चार ग्रामीणों को न्यायालय पदस्थापन के लिए कार्रवाई किया जा रहा है ।शांति व्यवस्था बनाये रखाने के लिए धारा 107 द०प्र० तहत कार्रवायी किया जा रहा है। पंचायत मुखिया अन्य जनप्रतिनिधि को अंधविश्वास के प्रति जागरूकता अभियान के लिए अभियान चलाने का अनुरोध किया गया है। वही प्रेस कॉन्फ्रेंस कर डीएसपी राजेश कुजूर ने बताया कि महिला सहित सभी 14 नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है । प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीएसपी राजेश कुजूर, थाना प्रभारी आशुतोष यादव, पु अनी रौशन कुमार, सजय रत्न सहित पुलिस बल उपस्थित थे।

### अब तक डायन बिसाही ममाले में पुलिस ने चार लोगों को किया गिरफ्तार

**डायन बिसाही ममाले में प्रदीप नागेशिया, प्रकाश नागेशिया, अजय नागेशिया, प्रभु नागेशिया, महावीर नागेशिया, प्रसनाथ नागेशिया, सरजू नागेशिया, परमेश्वर नागेशिया, जगेश्वर नागेशिया, बेलनी देवी, मन्तर नागेशिया, मदन नागेशिया, रामलखन नागेशिया और बिमल नागेशिया पर नामजद प्राथमिक दर्ज है। अन्य 60 से 70 अज्ञात ग्रामीणों को पर अज्ञात नामजद प्राथमिक दर्ज है।**

### ग्रामीण इस बैठक के बारे में कुछ भी कहने से बचते रहे

डायन बिसाही ममाले में पुलिस द्वारा चार ग्रामीणों को गिरफ्तार कर थाने लाये जाने पर भेड़ीगंझार के दर्जनों महिला पुरुष अपने बच्चे को गोद लिये दोपहर के समय से थाना गेट के बाहर बैठे रहे। हालांकि खबर लिखे जाने तक धारना दे रहे ग्रामीण इस बैठक के बारे कुछ भी कहने से बचाते रहे।

महुआडांड़ प्रखंड में दर्जनों की संख्या में एनजीओ व अन्य संस्थान करती है काम, लेकिन अंधविश्वास, डायन बिसाही प्रथा ममाले में कोई जागरूकता अभियान नहीं चलती है। जो महिलाओं के विकास के लिए सैकड़ों समुहों का गठन कर बैंक से लोन लेने सहित आय में वृद्धि के उपाय को बताते हैं। लेकिन सामाजिक कार्य जैसे डायन बिसाही प्रथा, नशा मुक्त जैसे मुद्दे पर कभी भी पठार क्षेत्र और दूर देहात में अभियान नहीं चलता है। तमाम संगठन सिर्फ विकास फंडिंग के पैसे को हजम करने में सक्रिय रहते हैं।

## जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम में किस्को और पेशरार से कांग्रेसियों का पहुंचा हुजूम

**किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आहूत जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए किस्को और पेशरार प्रखंड से हजारों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकताओं ने भाग लेकर पार्टी नेता राहुल गांधी को न्याय दिलाने हेतु समाहरणालय मैदान लोहरदगा पहुंचे। इधर किस्को प्रखंड से जाने वाले तमाम कार्यकताओं को प्रखंड अध्यक्ष यूनुस अंसारी की अगुवाई में और पेशरार प्रखंड अध्यक्ष विनोद सिंह खेरवार के नेतृत्व में समाहरणालय परिसर स्थित कार्यक्रम स्थल ढोल नगाड़ा के साथ ले जाया गया। जहां पर राहुल गांधी के विरुद्ध दिये गये फैसले के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान कांग्रेसी नेताओं ने भाजपा की केंद्र सरकार के प्रति भड़ास निकालते हुए कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार देश में तानाशाही रवैया स्थापित कर देश की जनता को बांटने में तूली हुई है जिसे कभी भी सफल होने नहीं दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के आदेशानुसार पूर्व निर्धारित जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम में मुख्य रूप से किस्को प्रखंड अध्यक्ष युनूस अंसारी पेशरार प्रखंड अध्यक्ष विनोद सिंह खेरवार पेशरार प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह किस्को प्रखंड 20 सूत्री उपाध्यक्ष पुनीता उरांव, कांग्रेसी कार्यकर्ता जफर इमाम, जयवंत कुजूर, कामिल तोपनो, मोहम्मद आजम, राजकुमार उरांव, राजेंद्र यादव, मनीष कुजूर, नसीम अंसारी, तबरेज अंसारी, इसराफिल अंसारी, खलील अहमद, मंगल उरांव, रोजामत अंसारी, कबीर अंसारी, मुस्तफा अंसारी, रौनक इकबाल, मोहम्मद कैश आलम, प्रकाश उरांव सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

# सरकार बालू,पत्थर, कोयला को अवैध तरीके से बेच कर सिर्फ जेब भर रही: रघुवर दास

संतोष सिन्हा / विनय कुमार



**हेरहंज (लातेहार)।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास बुधवार को प्रखण्ड क्षेत्र के तासु पंचायत अंतर्गत आराहरा स्थित खेल मैदान में आयोजित एक दिवसीय जन चौपाल कार्यक्रम में शामिल हुये। कार्यक्रम में पहुंचने पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरेकृष्ण सिंह,पूर्व विधायक प्रकाश राम व हेरहंज मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं व समर्थकों ने श्री दास का स्वागत किया। जन चौपाल कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री श्री दस ने वर्तमान राज्य पर जमकर निशाना साधा। श्री दस ने कहा कि राज्य में महागठबंधन की नहीं चोरों के गठजोड़ की सरकार है। जो अपने वादों को पूरा करने के बजाय सिर्फ समाचार पत्र में ही छपवाने का काम किया। झारखंड आदिवासी मूलवासीयों को जल जंगल जमीन के नाम पर सिर्फ छलने का काम किया है। युवाओं युवतियों को पांच लाख लोगों को रोजगार देने का वादा किया था लेकिन साढ़े तीन साल बीत जाने के बाद भी वादा पूरा नहीं कर सका सिर्फ छलने का काम किया है। भाजपा की सरकार में मुख्यमंत्री कृषि आशीर्वाद योजना चलाई गयी थी ताकि गरीब किसानों को साहूकारों से कर्ज लेना न पड़े उसे भी हेमन्त सरकार के द्वारा इस योजना को बंद कर दिया गया। मुख्यमंत्री सुकन्या योजना को भी नाम बदल कर सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना नाम रखा गया और यह योजना भाजपा की सरकार में सत्तर हजार की योजना थी उसे भी कम कर चालीस हजार रुपये कर दिया गया। यहां तक कि जल सहिया दीदी को भाजपा की सरकार में प्रत्येक माह एक एक हजार व साल में दो साड़ियां भी दिया जा रहा था उसे भी यह निकमी सरकार ने बंद कर दिया। वर्तमान की निकमी सरकार बालू,पत्थर, कोयला को अवैध तरीके से बेचकर सिर्फ जेब भरने का काम कर रही है। हमारी जनता एक बार वर्तमान सरकार को वोट देकर देख ली है अब फिर से मोदी सरकार के साथ 2024 में राज्य में भी भाजपा की सरकार डबल इंजन के साथ बनाएगी। जब डबल इंजन की सरकार बनेगी तब विकास की गंगा बहायेगी। साथ हीं श्री दास ने सभी लोगों से आगामी 11 अप्रैल को रांची पहुंचकर राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन में शामिल होने की अपील की। बालूमाथ प्रखण्ड क्षेत्र के मुरपा निवासियों ने मुरपा को प्रखण्ड का दर्जा दिलाने की मांग की है। वहीं हेरहंज प्रखण्ड निवासी कन्हाई प्रसाद ने अस्पताल में डॉक्टर न होने की बात कर कहा कि भाजपा की सरकार में डॉक्टर की कमी नहीं थी लेकिन जब से हेमन्त की सरकार बनी है डॉक्टर की कमी हो गई जिससे ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके आलावे प्रखण्ड क्षेत्र के चिरु पंचायत की महिलाओं ने सेरका गांव में पानी की विकट समस्या बताया। वहीं लातेहार प्रखण्ड क्षेत्र के तुबेद आस पास के ग्रामीणों ने तुबेद में संचालित हो रहे डिवीसीएल द्वारा कोल प्रोजेक्ट पर हमला बोला कहा कि इस कोल प्रोजेक्ट के ठेकेदार कोयला चालू करने से पहले बड़े बड़े वादे किये की रैयतों व स्थानीय लोगों को रोजगार दिया जाएगा नौकरी दी जाएगी । नौकरी दी जाएगी लेकिन सभी वादे फेल कर बाहर के लोगों को नौकरी दी जा रही है।

## 15वीं वित्त योजना से संचालित कार्य को ससमय करें पूर्ण बीडीओ



**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न पंचायत में संचालित 15 वीं वित्त योजना के तहत विकास योजना का निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा संचालित कार्य को ससमय पूर्ण कर नए विकास योजना को संचालित करें उक्त बातें निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने कहा। सेन्हा प्रखंड के बूटी,भड़गांव,मुर्की तोडार पंचायत भ्रमण कर निरीक्षण के दौरान कहा गया। साथ ही उन्होंने कहा पंचायत समिति कोष से प्रखंड क्षेत्र में 15 वीं वित्त योजना से 14 पंचायत समिती द्वारा क्षेत्र में छोटी छोटी नया योजना लिया गया है। जानकारी देते हुए श्री चोपड़ा ने लाभुक समिति को कहा की कार्य को गुणवकता पूर्ण करें। और जहां समझ में नही आता है तो कनीय अभियंता से संपर्क स्थापित कर योजना को गति प्रदान कर अप्रैल माह में पुरा करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे कहा गया कि अगर यह सब योजना समय से पूर्ण होता है तो मापी पुस्तिका तैयार कर भुकतान लें। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा,सत्यकाम श्रीवास्तव,सुजित कुमार आदि उपस्थित थे।

## मनरेगा योजना अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी का प्रशिक्षण दिया गया



**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार मे मनरेगा योजना अंतर्गत प्रखंड स्तरीय बिरसा हरित ग्राम योजना का प्रशिक्षण दिया गया। बिरसा हरित ग्राम योजना के अन्तर्गत सुचारु रूप से संचालन हेतु बागवानी सखी और बागवानी मित्र का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही आजादी के अमृत महोत्सव के तहत वृक्षमाला नदी तट संरक्षण अभियान की शुरुआत की गयी जिसको सभी पंचायत मे करने का निर्देश भी दिया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक प्रखंड कार्यक्रम पदादिकारी मनरेगा निलेंद्र कुमार द्वारा जेएसएलपीएस, प्रदान संस्था के प्रतिनिधि, सहायक अभियन्ता और मेट तथा बागवानी सखी,बागवानी मित्रों को मिश्रित बागवानी, बागवानी के लिये गड्ढा खुदाई, गड्ढा भराई, जानवर रोधक खाई,खाद तथा दवा की मात्रा के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। साथ ही बगवानी के लिये बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत स्थल चयन कर पंचायत सचिव,रोजगार सेवक को कार्य प्रारम्भ करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा योजना के अन्तर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के माध्यम से वर्ष 2023 - 2024 में लगभग दो सौ एकड़ जमीन में आम बागवानी करने का लक्ष्य रखा गया। मौके पर जिला से प्रदान संस्था के पदादिकारी गोल्डन कुमार,बीपीओ निलेन्द्र कुमार, परवीन कुमार के अलावे सैकड़ो बागवानी सखी और बववानी मित्र उपस्थित थे।

## पीडीजे ने किया लीगल एड डिफेंस काउंसिल कार्यालय का उद्घाटन

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सिविल कोर्ट, लोहरदगा स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार भवन में एलएडीसीएस यानि लीगल एड डिफेंस काउंसिल कार्यालय का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीय - सह- अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकर राजेंद्र बहादुर पाल के कर कमलों द्वारा किया गया। मौके पर प्रधान जज, कुटुम्ब न्यायालय, सुभाष, प्रथम जिला जज अखिलेष तिवारी, एलएडीसीएस के सभी 05 चयनित अधिवक्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने कहा कि अब लोहरदगावासियों को नि:शुल्क न्याय एवं विधिक सहायता व्यापक स्तर पर मिलेगी क्योंकि अब 05 अधिवक्ता जिनका चयन एलएडीसीएस में हुआ है वो जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पूर्णकालिक सेवा देंगे जिनके लिए उन्हें हर माह मानदेय भी दिया जायेगा।

# बालूमाथ में आदिवासी समाज की बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**बालूमाथ।** बालूमाथ दिवाकर नगर सरना भवन बालूमाथ में आदिवासी समाज का बैठक की गई। जिसमें तीनों प्रखंड के सभी आदिवासी समाज के लोगो ने भाग लिया जिसमें इस बैठक में आदिवासी समाज ने निर्णय लिया कि समाज आदिवासी समाज को संगठित करने के लिए आदिवासी संगठन बनाने पर विचार किया जिसमें संगठन बनाने से समाज का उत्थान होगा जिसमें समाज में भाषा, सांस्कृतिक और शिक्षा पर भी उत्थान होगा। जिसका अध्यक्षता श्री दिलीप उरांव प्रखंड पडहा राजा और संचालन श्री ऐश्वर उरांव के द्वारा किया गया। जिसमें जिला पड़हा राजा प्रभु दयाल उरांव ने कहा कि समाज को आगे ले जाने के लिए शिक्षा पर विचार दिए। बिनोद उरांव लातेहार जिला परिषद सदस्य ने कहा कि समाज को आगे ले जाने के लिए युवा को आगे आना होगा। तभी समाज आगे बढ़ेगा। पॉल एक्का, लातेहार ,प्रमोद उरांव बारियातू मुखिया, धर्म अगुवा तेतर उरांव, सुरेश भोक्ता, रामलाल भगत, सुरेश उरांव तेतरिखाड, प्रदीप गंझू कामगार यूनियन अध्यक्ष, राजेन्द्र गंझू, भोग्ता समाज के जिला अध्यक्ष, रामेश्वर उरांव, प्रमेश्वर भोगता,लल्लू उरांव शान्तू उरांव, योगेन्द्र उरांव, शिबू उरांव, हरदेव उरांव विजय उरांव इत्यादि।

## उपायुक्त ने पथ निर्माण से संबंधित बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बुधवार को पथ निर्माण से संबंधित बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से ग्रामीण कार्य विभाग, लोहरदगा द्वारा किये जा रहे कार्यो में- सेन्हा प्रखण्ड में मेढ़ो पुल रोड से कोराम्बे तक जर्जर पथ निर्माण एवं मेढ़ो पुल के जीर्णोद्वार, कुज्जी उच्च विद्यालय पीडब्ल्यूडी पथ से बसारडीह ग्राम तक दो किमी पथ निर्माण, किस्को प्रखण्ड के बगडू पंचायत अंतर्गत ग्राम पतरातू से ग्राम आराहासा होते हुए मंजूरमती उच्च विद्यालय महादेव आश्रम तक कुल 07 किमी पक्की सड़क निर्माण की समीक्षा की गई। उपरोक्त बिंदुओं पर बैठक में उपस्थित सहायक अभियंता द्वारा कार्य प्रगति की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया। उपायुक्त द्वारा सनई हपात पथ में तीन उच्च स्तरीय पुल निर्माण, पाखर में पथ निर्माण योजनाओं की भी समीक्षा की गई व आवश्यक निदेश संबंधित विभाग को दिये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार, संबंधित विभागों के अभियंता उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी ने मनाया स्वतंत्रता सेनानी रघुनाथ महतो का शहादत दिवस

# 1769 में रघुनाथ महतो के नेतृत्व में चुहाड़ विद्रोह शुरू हुआ था: नीरू शांति भगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** आजसू पार्टी की ओर से जिला कार्यालय में देश के पहले स्वतंत्रता सेनानी रघुनाथ महतो की शहादत दिवस मनाया गया। जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश भारती की अगुवाई में शहादत दिवस मनाया गया। इस दौरान मुख्य रूप से लोहरदगा विधानसभा के पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी सह लोहरदगा विस प्रभारी नीरू शांति भगत मौजूद थी। मौके पर आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने कहा की ईस्ट इंडिया कंपनी ने जमीन की मालगुजारी लेनी शुरू की थी तो 1769 में रघुनाथ महतो के नेतृत्व में चुहाड़ विद्रोह शुरू किया गया था। उन्होंने कहा कि अंग्रेज और उनके पिट्ठू जमींदारों ने घृणा प्रदर्शित करने के लिए इसका नामकरण चुहाड़ किया था। उन्होंने कहा कि सन 1769 में छोटानागपुर के इलाके में एक विद्रोह हुआ। यह विद्रोह अंग्रेजी हुकूमत द्वारा जल, जंगल और जमीन के लिए किया गया सबसे पहला विद्रोह था। हालांकि इस विद्रोह के दौरान रघुनाथ महतो एवं उनके अनेक साथी शहीद हो गए थे। परंतु इस विद्रोह की गूंज के बाद विद्रोहों में साफ सुनायी दी थी। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी सह पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत, जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश भारती, कार्यकारी जिला अध्यक्ष राम नारायण प्रसाद,बिलयम कुजूर, मुन्ना अग्रवाल, कलीम खान, अनिता साहू, आनंद राम, देवी पहान, शाहिद अंसारी, साजिद कलाल, बिपिन सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मेडल जीत कर लौटी खिलाड़ी हुई सम्मानित



**कुडू/लोहरदगा।** राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ियों को समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। राजस्थान के कोटा यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स कंपलेक्स में 28 से 31 मार्च तक हुई सब जूनियर और पांचवी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलगी के एक छात्रा ने प्रतियोगिता में भाग लिया था। जिसमें छात्रा आकांक्षा कुमारी ने अंडर 38 केजी में लद्दाख और आंध्र प्रदेश के खिलाड़ियों को हराकर कांस्य पदक जीतने में कामयाब रही थी। इसी को लेकर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलगी के विद्यालय प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन कर राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मेडल जीतकर लौटी खिलाड़ी को सम्मानित किया गया। इस मौके पर मनोहर साहू, मिथिलेश कुमार सिंह ,राम शंकर प्रजापति, गजेंद्र साहू ,अरविंद यादव ,योगेंद्र राम ,सुशील भारती, कनक लक्ष्मी, वर्षा ,रीना सहदेव ,लाल नवीन नाथ सहदेव प्रेमचंद्र, दीपक साहू ,अमित साहू राखी कुमारी, सहित अन्य मौजूद थे।

## जिला स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** जिला स्थापना दिवस के अवसर पर टाउन हॉल में मंगलवार की शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का उदघाटन उपायुक्त भोर सिंह यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली बच्चों की ओर से सांस्कृतिक नृत्य और गायन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में 13 स्कूल के विद्यार्थियों ने अलग अलग थीम पर नृत्य, संगीत पर प्रस्तुति दी। जिला स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को उपायुक्त द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के समूह ग्रुप में कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय, लातेहार को प्रथम, कस्तूरबा गांधी विद्यालय बालूमाथ को दूसरा एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालय चंदवा को तीसरा पुरस्कार दिया गया। एकल में निशि रानी ने प्रथम, नव्या राजपूत ने द्वितीय व ऋषिका रंजन ने तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन आशीष टैगोर ने किया।

## लोहरदगा में हज 2023 की तैयारी जोरों पर: हाजी हाशिम



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कोरोना काल के बाद पूरी तरह से हज लगे प्रतिबंध और भारत सरकार और सऊदी सरकार के मोहादे पर इस बार पूरे भारत से हज कोटा बढ़ा दी गयी है। इस बार झारखंड से भी तकरीबन साढ़े तीन हजार आजमीन हज के लिए फार्म दाखिल किए। लोहरदगा के हज कमिटी के संयोजक मास्टर हाजी हासिम ने बताया की इस बार लोहरदगा से लगभग पैंतालीस पुरुष महिलाएं हज का दरखास्त भरें और ये बड़ी खुशी की बात है की सभी का दरखास्त को मंजूर हज कमिटी झारखंड कर लिया है। हाजी हासिम ने आगे बताया की लोहरदगा में अब तक तीन प्रशिक्षण दी जा चुकी है इस बार वही हज में जा सकते हैं जिन्होंने कोरोना के दोनो डोज लगवा लिया हो। स्वस्थ रूप से मजबूत हो। इसी कड़ी में होटल सफा अमला टोली में सभी हज 2023 में जाने वाले हाजियों का स्वास्थ जांच शिविर लोहरदगा सदर अस्पताल की ओर से डॉक्टर एस एस खालिद तथा सहायक के रूप में डॉक्टर अकरम, स्वास्थ कर्मी मो इरफान ने किए। मौके पर हाजी अली मास्टर अशरफ खान,रोजामत अंसारी,रुस्तम अंसारी, सोएब अख्तर,इब्राहिम खलीफा,सोहैल अहमद नुसरत अंसारी मुबारक अंसारी मोइन अंसारी,नीलोफर खुर्शीद सालेहा खातून मोमिना खातून आदि मौजूद थे।

## दुर्घटना में लापता उपचालक का मिला सुराग

**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कुंदगड़ी मोड़ के समीप डायभरसन में रायरकेल से कल्टर तेल लोड कर आ रही टैंकर ओ डी 14 वाई 9108 दर्घटना ग्रस्त हो गया था। जिसमें घटना में चालक सत्येंद्र राम को हल्की चोटें आई थी। वही उपचालक के लापता होने पर संदेहात्मक चर्चा का विषय बना हुआ था। जिसे सेन्हा पुलिस द्वारा उपचालक सनी सिंह का तलास में लगातार कारवाई जारी था। उसी दरमियान देर शाम लापता उपचालक सनी सिंह का पता चलने पर सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने बताया कि घटना के उपरांत सनी सिंह गाड़ी से कूद कर जान बचाते हुए बालूमाथ अपने रिश्तेदारी में चला गया है। जैसे ही उपचालक का सुराग मिला तो चालक एवं प्रशासन को राहत हुआ। इससे पूर्व चिंता का विषय बना हुआ था।

## 24 कुंडीय नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ कलश यात्रा के साथ प्रारंभ



**लातेहार (आजाद सिपाही )।** जिला मुख्यालय चंदनडीह स्थित प्रज्ञा कुंज में बुधवार को चार दिवसीय 24 कुंडीय नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा गायत्री प्रज्ञा कुंज से निकल कर मुख्य पथ से होते हुए चटनाही स्थित औरंगा नदी तट पहुंची। यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सभी कलशों में जल भरा गया। इसके बाद कलश यात्रा धर्मपुर होते हुए महायज्ञ स्थल पहुंची। यहां कलशों की स्थापना कर पूजा अर्चना शुरू की गयी। कलश यात्रा में लोगों ने गायत्री मंत्रों का जाप किया। ज्ञात हो कि इस महायज्ञ में शाम में भजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा अनुष्ठान में कई संस्कार भी संपन्न कराये जाएंगे। इस मौके पर भाजपा नेता चेतलाल रामदास, राजधनी प्रसाद यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणी तिर्की, लातेहार विधायक की पत्नी सीमा राय, अधिवक्ता संजय कुमार, राजन तिवारी,समाजसेवी मुरारी प्रसाद, ध्रुव कुमार पांडेय, संतोष पासवान, अशोक प्रसाद,और बबन पासवान, चंदन कुमार, भोला प्रसाद , रितेश कुमार निक्कू समेत कयी लोग शामिल थे।

## अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता के उत्कृष्ट खिलाड़ी हुए सम्मानित

**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा प्रखंड मुख्यालय में आयोजित मेला के दौरान भड़गांव,मुर्की तोड़ार अरू,सेन्हा बदला सहित अन्य पंचायत तथा लोहरदगा जिला के विभिन्न क्षेत्र से आए रामनवमी अखाड़ा द्वारा अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता में भाग लिया था। परन्तु मेला के दौरान मौसम खराब होने से पुरस्कार वितरण कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया था। जिसे बुधवार को प्रतियोगिता के दौरान अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को दुर्गा मंदिर प्रांगण में पुरस्कार दे कर केंद्रीय महावीर मंडल द्वारा समानित किया गया। एक नन्हा बच्चा को भी केंद्रीय महावीर मंडल की ओर से पुरस्कृत किया गया। आंधी तूफान एवं ओलावृष्टि के साथ वर्षा होने के कारण पुरस्कार वितरण नही करने के कारण केंद्रीय महावीर मंडल अध्यक्ष भोला साहू द्वारा अपने सहयोगियों के साथ विचार विमर्श करते हुए निर्णय लिया गया था। कि सभी प्रतिभागियों को सूचित कर बुधवार को सभी प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया जायेगा। साथ ही बताया गया कि कोई अखाड़ा अपना पुरस्कार लेने से वंचित रह गए हैं। तो वह अखाड़ा के व्यक्ति अपना पुरस्कार केंद्रीय महावीर मंडल के पदेन पदाधिकारी से संपर्क कर प्राप्त कर सकते है। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में केंद्रीय महावीर मंडल अध्यक्ष भोला साहू नवीन कुमार साहू,आनन्द साहू,अजय सोनी,उज्ज्वल शुक्ला,ऋषभ जयपुत्रा सहित रामभक्त गण शामिल थे।

## लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत ने प्रधानमंत्री से शिष्टाचार भेंट कर की संसदीय क्षेत्र की चर्चा



**गुमला (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके संसद भवन कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। भेंटवार्ता के पश्चात सांसद सुदर्शन भगत ने प्रधानमंत्री जी को गुमला जिले के डुमरी में स्थापित प्राचीनतम शिव मंदिर, बाबा टांगीनाथ का चित्र भेंट किया। प्रधानमंत्री से उन्हें अत्यंत स्नेह, मार्गदर्शन प्राप्त हुए। उन्होंने गुमला, लोहरदगा आदि पूरे संसदीय क्षेत्र का हालचाल पूछा। प्रधानमंत्री ने सांसद से संसदीय क्षेत्र में केंद्र की योजनाओं सहित सम्पूर्ण विकास योजनाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर सांसद द्वारा संसदीय क्षेत्र (गुमला) में हुए श्री अन्न (मिलेट) पर हुए सरहनीय कार्यों पर प्रधानमंत्री जी से चर्चा करते हुए संसदीय क्षेत्र में मिलेट पर छोटे उद्योग लगाने, लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में बॉक्साईट आधारित उद्योग स्थापित करने, अपने क्षेत्र के प्राचीनतम धार्मिक स्थलों के संबंध में विस्तृत चर्चा की। जनजातीय बहुल सम्पूर्ण लोहरदगा संसदीय क्षेत्र का सक्रिय और जन सुलभ प्रतिनिधि के नाते प्रशंसा भी की। इस क्रम में सांसद ने प्रधानमंत्री को अपने संसदीय क्षेत्र के संबंध में एक पत्र भी सौंपा। पत्र के माध्यम से सांसद ने प्रधानमंत्री से उद्योग लगाने की मांग की ताकि क्षेत्र से पलायन रुक सके। साथ उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों के सौन्दर्यीकरण एवं विकास होने यहां पर्यटन बढ़ने की भी अपार संभावनाएं हैं। कहा इस क्षेत्र में बॉक्साईट आधारित औद्योगिक इकाई, खाद्य प्रसंस्करण, बायो फ्यूल का प्लांट, आयुर्वेदिक औषधियों के निर्माण की इकाई एवं वस्त्र आधारित उद्योग आदि में से किसी एक भी स्थापना यदि हो जाये तो इस क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में लाभान्वित हो सकेंगे एवं भारत सरकार के प्रति भी और अधिक आस्था बढ़ेगी।

## आजसू पार्टी गुमला ने अमर शहीद रघुनाथ महतो को दी श्रद्धांजलि




**गुमला (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी गुमला द्वारा अंग्रेजी दमन के विरुद्ध आवाज उठाने वाले चुआड़ विद्रोह के अग्रणी नेता अमर शहीद रघुनाथ महतो के शहादत दिवस के अवसर पर आजसू पार्टी जिला कार्यालय पालकोट रोड गुमला में शहीद रघुनाथ महतो को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। पार्टी के केंद्रीय निर्देशानुसार संपूर्ण झारखंड राज्य में आजादी के संघर्ष में अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों को आजसू पार्टी के द्वारा सम्मान देने और उनके बलिदान को याद करने का संकल्प के साथ शहादत दिवस मनाने का निर्णय बृहद रूप से पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के उच्च एवं दूरदर्शी विचारधारा के समरूप किया गया है। श्रद्धांजलि सभा में जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, केंद्रीय सचिव सिमडेगा जिला प्रभारी गोपीनाथ सिंह, जिला के प्रधान सचिव आनंद कुमार गुप्ता, पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष तुलसी साहू, केंद्रीय सदस्य दुर्गा साहू, युवा अध्यक्ष उत्तम साहू, छात्र संघ के विनीत कुमार, सह कोषाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी विकास कुमार अग्रवाल, श्रमिक संघ के जिला अध्यक्ष फगुआ साहू, व्यापार संघ के जिला सदस्य उमेश कुमार गुप्ता उर्फ टिंकू सहित कई कार्यकर्ताओं ने अमर शहीद रघुनाथ महतो के शहादत दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनको याद किया गया।

## वार्ड पार्षद शैल मिश्रा ने किया लजीज व्यंजनों के प्रतिष्ठान 'देसी रसोई' का उदघाटन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** डीएसपी रोड में लजीज व्यजंनों के प्रतिष्ठान देसी रसोई का विधिवत उदघाटन वार्ड पार्षद शैल मिश्रा द्वारा किया गया। उन्होंने रसोई के संचालक को शुभकामनाएं दी। संचालक निशित प्रसून ने बताया कि देसी रसोई में ग्राहक गुणवत्ता से परिपूर्ण विभिन्न प्रकार के व्यजंनों का लुत्फ उठा पायेंगे। साथ ही ग्राहकों को होम डिलेवरी की सुविधा भी मुहैय्या करायी जायेगी। मौके पर वीरेन्द्र कुमार सिन्हा, रविंद्र सिंह, आशिष गुप्ता, कुमार दिपांकर, दीपा सिन्हा, पद्मिनी मिश्रा, नंदिता प्रसून, निधि प्रसून, दीपशिखा, रिमझीम, प्रीति सिन्हा, वंदना सोनी, अंजनी देवी, माला सिंह, कोनिका सहित काफी लोग उपस्थित थे।

**बैठक :** जिला भाजपा ने सामाजिक न्याय पखवाड़ा के आयोजन को लेकर की चर्चा

# 5 से 16 अप्रैल तक चलेगा सामाजिक न्याय पखवाड़ा कार्यक्रम : अध्यक्ष

**11 अप्रैल को सचिवालय घेराव कार्यक्रम में गुमला जिला से 1000 कार्यकर्ता जायेंगे रांची**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भारतीय जनता पार्टी गुमला जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मोर्चा के जिलाध्यक्ष, वरिष्ठ नेताओं की एक आवश्यक बैठक बुधवार को जिला अध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी की अध्यक्षता में मुनेश्वर साहू के कॉन्फ्रेंस हॉल लोहरदगा रोड गुमला में रखी गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि 5 अप्रैल से लेकर पार्टी का 16 अप्रैल तक सामाजिक न्याय पखवाड़ा करना है, जिसमें 5 अप्रैल को महिला मोर्चा द्वारा स्वच्छता अभियान, 6 अप्रैल को स्थापना दिवस के अवसर पर सभी



### झारखंड में लूट और झूठ की सरकार चल रही है : शिवशंकर उरांव

बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश एसटी मोर्चा अध्यक्ष सह पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव ने कहा कि वर्तमान सरकार के क्रियाकलाप से पूरा झारखंड त्रस्त है। यहां लूट और झूठ की सरकार चल रही है। जिसका मुह तोड़ जवाब 11 अप्रैल को सचिवालय घेराव कर दिया जाएगा। गुमला जिला से 1000 कार्यकर्ता रांची जाएंगे। कमलेश उरांव ने कहा कि बूथ सशक्त होगा तभी पार्टी सशक्त होगी। बैठक को भिखारी भगत, अशोक उरांव एवं भूपन साहू ने संबोधित किया। मंच संचालन मिसिर कुजूर एवं संजय साहू के द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष प्रदीप प्रसाद द्वारा किया गया।

कार्यकर्ताओं के घर पर पार्टी का झंडा लगाया जाएगा एवं किसान मोर्चा द्वारा वरिष्ठ लोगों को सम्मानित किया जाएगा। अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा फल वितरण 7 अप्रैल को, ओबीसी मोर्चा द्वारा मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा, 13 अप्रैल को २ मोर्चा द्वारा महापुरुषों की मूर्ति की सफाई की जाएगी एवं 14 को अंबेडकर जयंती के अवसर पर समरसता दिवस बूथ स्तर पर मनाया जायेगा। 15 अप्रैल को एससी मोर्चा द्वारा सेवा कार्य एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजनाओं पर चर्चा 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर लगाना है। सभी मण्डल अध्यक्षों को कहा गया कि 8 अप्रैल तक बूथ सशक्तिकरण कार्य पूर्ण कर लें। आगामी 11 अप्रैल को हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ आंदोलन को सफल बनाने के लिए जिला से लेकर पंचायत स्तर तक सभी कार्यकर्ताओं को लगना है।

बैठक में लालमोहन साहू, सुजीत नंदा, गायत्री देवी, प्रदीप प्रसाद, जगनारायण सिंह, गौरी किड़ो, प्रतिमा देवी, अनिता बड़ाइक, निर्मल गोयल, दामोदर कसेरा, सतवंती देवी, भोला चौधरी, राधेश्याम कुशवाहा, दिनेश्वर प्रसाद, मीरा देवी, ज्योति

## प्रेम नगर बस्ती के लोगों ने रास्ता निकासी में अवैध कब्जा को लेकर सीओ को सौंपा आवेदन

**सीओ ने एक-दो दिन के अंदर जमीन की मापी कराने एवं कार्रवाई का दिया आश्वासन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के प्रेम नगर बस्ती के दर्जनों लोगों ने रास्ता निकासी में अवैध कब्जा को लेकर बुधवार को अंचलाधिकारी गौतम कुमार से मुलाकात करते हुए आवेदन देकर अपनी समस्या से अवगत कराया। लोगों ने बताया कि प्रेमनगर नीचे बस्ती के लगभग 50 परिवार के लोगों को रास्ता निकासी के लिए भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन लोगों ने बताया कि हम सभी प्रेम नगर मोहल्ले वासियों ने चैनपुर निवासी कौशल्या देवी पति स्वर्गीय धनंजय रतिया से खाता नंबर 148 प्लॉट नंबर 1933 से साढ़े 5 डिसमिल जमीन रास्ता हेतु खरीदी है। लेकिन चैनपुर प्रेमनगर निवासी



मीरा देवी पति स्व. बसंत राम जो कि कौशल्या देवी का जमीन प्लॉट नंबर 1934 में अवैध रूप से मकान बनाकर रह रही हैं, उनके द्वारा हमें रास्ता में आने-जाने से रोका जा रहा है। जिससे हम सभी को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रेम नगर के लोगों ने अंचलाधिकारी से उचित न्याय करने की मांग की।

इस संबंध में सीओ गौतम कुमार ने कहा कि एक-दो दिन के अंदर जमीन की मापी करायी जाएगी। अवैध कब्जा कर रास्ता रोकने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रेम नगर वासियों को उचित न्याय मिलेगा। आवेदन देने वालों में महेश्वर भगत, बसंत कुमार साहू, पवन कुमार, अमरेश कुमार पाठक, सकलदेव सिंह, सुरेंद्र त्रिपाठी, अशोक कुमार साहू, रोशनी केरकेट्टा, कांति खाखा, विजय साहू, खुशबू देवी, शोभा पाठक, राजूराम, रोशनी केरकेट्टा, पार्वती देवी, ज्योति देवी, पुष्पा कुजुर, सविता देवी, अजय सिंह, अर्जुन चौधरी, रामा त्रिपाठी सहित कई लोगों के नाम शामिल हैं।

## दस किलो गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**पालकोट (आजाद सिपाही)** प्रखंड अन्तर्गत बुधवार को एक गांजा तस्कर को पकड़ कर जेल भेज दिया गया। पालकोट पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बतलाया कि गुमला पुलिश अधीक्षक के निर्देशानुसार गया से राउरकेला जाने वाली गुप्ता बस में गांजा तस्करी की संभावना है। इसके विरुद्ध में बसिया पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई के लिये एसआई टीम गठित कर पालकोट बस स्टैंड में नाका लगाकर सघन वाहन जांच की गयी। जांच के क्रम में सुरेश कुमार (22), पिता मुरलीधर मेहता सा नारकोरिया, थाना नगर उंटारी, जिला गढ़वा के दो बैग से एक किलो ग्राम वाला दस गांजा का पैकेट बरामद किया गया। उसके बाद उक्त व्यक्ति को आज गुमला जेल भेज दिया गया। मौके पर थानेदार अनिल लिंडा, एसआई प्रदीप कुमार, एसआई सन्दीप राज, एसआई सन्तोष कुमार महतो, एतवा उरांव एवं पुलिस के जवान मौजूद थे।

## मंडा पूजा का 174वां वार्षिकोत्सव आज से

**इटकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गढ़गांव का शिव उपासना का महा पर्व मंडा पूजा का 174वां वार्षिक महोत्सव मनाया जाएगा। गुरुवार को रात्रि आठ बजे शिव उपासक भोगता दहकते अंगारे में नंगे पांव चल कर फुलकुन्दी का रस्म पूरा करेंगे। इसके बाद मंडा पूजा समिति के तत्वावधान में बंगाल के पहुंचे कलाकार द्वारा छऊ नृत्य का आयोजन करेंगे। जबकि सात अप्रैल शुक्रवार को तीन बजे दिन से मंडा झूलन, जतरा मेला और रात्रि में कलाकारों द्वारा रंगारंग ठेठ नागपुरी गीत संगीत का सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेगें। मंडा पूजा महोत्सव को सफल बनाने के लिये मंडा पुजा समिति का गठन किया गया है। अध्यक्ष दीपक सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष नरेश साहू, उपाध्यक्ष घोमा सिंह, जितेंद्र सिंह, सुबोध साहू, संरक्षक प्रताप सिंह, संजय सिंह, भवानी शरण सिंह, किशोर साहू और नारायण सिंह, कोषाध्यक्ष राधे ठाकुर, महेंद्र गोप, सचिव रंजीत सिंह, यशवंत सिंह, प्रवक्ता संजय गुप्ता, बबलू गुप्ता, के अलावा कार्यकारिणी के 30 सदस्य बनाये गए हैं।

## प्रगति हायर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिकोत्सव मना

**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी माडर प्रखंड के सीमावर्ती झिंझरी स्थित प्रगति हायर सेकेंडरी स्कूल का बुधवार को वार्षिकोत्सव सह सम्मान समारोह मनाया गया। विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये व स्कूल की वार्षिक परीक्षा व अन्य कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में प्रियंका तिर्की, सौरव पासवान, सक्षम सिंह, सुनीला, खुशबू, रिद्धि सिद्धि, माही व अमन सहित अन्य के नाम शामिल है। कार्यक्रम में महेश्वर महतो, प्रशांत, ललित, राजेश्वर, विकास व नीरू सहित अन्य शामिल थे।

## बुढ़मू में 17-18 अप्रैल को मंडा पूजा का निर्णय

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** बुढ़मू प्रखंड के बंसरी गांव में ग्रामीणों की बैठक बुधवार को जनार्दन साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से 17 अप्रैल को फुलखुन्दी तथा 18 अप्रैल को झूलन सह मेला आयोजित करने का निर्णय हुआ। मौके पर मंडा पूजा कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष परिबा साहू, सचिव रामप्रवेश साहू तथा सचिव अजय कुमार बनाये गए। वहीं मुख्य संरक्षक पंसस भुनेश्वर साहू, संरक्षक जनार्दन साहू, संदीप साहू, विश्वनाथ मुंडा, बसंत मुंडा बने।

**बैठक :** गुमला प्रखंड की कक्षा 1 से 5 तक के 70 प्रतिशत बच्चों की संख्या और अक्षर ज्ञान में आया सुधार

# कामडारा प्रखंड के सरकारी विद्यालयों में शुरू हुआ 'पढ़ें हम, बढ़ें हम' कार्यक्रम

**100 दिनों तक क्रमबद्ध तरीके से चार चरणों में बच्चों के अक्षर एवं संख्या के ज्ञान में की जाती है सुधार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले के सरकारी विद्यालय के बच्चों की प्राथमिक शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार करने हेतु उपायुक्त सुशांत गौरव के निर्देशानुसार गुमला प्रखंड में पायलट प्रोजेक्ट के तहत 'पढ़े हम ,बढ़े हम' कार्यक्रम का शुभारंभ पिछले वर्ष अक्टूबर माह में किया गया था। उक्त कार्यक्रम के तहत गुमला प्रखंड के 168 विद्यालयों में इस योजना का संचालन किया गया। जिसमें 11000 बच्चों का बेसलाइन एसेसमेंट किया गया। जिसमें से 5839 बच्चे बिग्नर एवं लेवल-1 पर पाए गए जिनके साथ क्रमबद्ध तरीके से 100 दिनों का प्रशिक्षण कार्यक्रम किया




गया। कार्यक्रम समाप्ति के उपरांत पाया गया कि 4082 बच्चे अपने लेवल से ऊपर के लेवल में शिफ्ट हो गए जो कि उपलब्धि के पैमाने पर लगभग 70% है। उक्त कार्यक्रम में पीरामल फाउंडेशन की ओर से पूरी योजना के संचालन हेतु जिला प्रशासन को सहयोग मिला।

पायलट प्रोजेक्ट के तहत गुमला प्रखंड में उक्त कार्यक्रम में सफलता को देखते हुए आज बुधवार को कामडारा प्रखंड में भी 'पढ़ें हम, बढ़ें हम' कार्यक्रम का शुभारंभ अपर समाहर्ता गुमला सुधीर कुमार गुप्ता द्वारा कामडारा प्रखंड कार्यालय में किया गया। जिसके तहत अब कामडारा प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में उक्त कार्यक्रम का संचालन करते हुए बच्चों की शैक्षणिक स्तर में सुधार किया जाएगा। जल्द ही जिले के अन्य प्रखंडों में भी उक्त कार्यक्रम का संचालन किया जाना है। इस दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक, एसडीओ बसिया, बीडीओ एवं सीओ कामडारा, पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर, प्रोग्राम लीड सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर समाहर्ता ने बताया कि जिले में शैक्षणिक स्थिति में सुधार लाने हेतु पिछले दिनों उपायुक्त के निर्देशानुसार कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहें हैं। जिसके परिणाम स्वरूप जिले की शिक्षा व्यवस्था में लगातार सुधार देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में 'पढ़ें हम, बढ़ें हम' कार्यक्रम के तहत प्राथमिक शिक्षा के स्तर में सुधार करने की पहल की जा रही है। गुमला में उक्त कार्यक्रम की सफलता को देखते हुए कामडारा में भी इस कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कामडारा में भी इसकी सफलता की कामना है। उक्त कार्यक्रम का संचालन जिला शिक्षा विभाग एवं पीरामल फाउंडेशन के द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा।

ज्ञात हो कि उक्त कार्यक्रम के तहत वैसे बच्चे जिन्हें अभी संख्या एवं अक्षर का ज्ञान नहीं है उन्हें चिन्हित कर बच्चों के साथ इस प्रोग्राम के तहत 100 दिनों तक क्रमबद्ध तरीके से कार्य किया जाना है। कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों के योग्यता के अनुसार श्रेणीबद्ध तरीके से लेवल 1, लेवल 2, लेवल 3, लेवल 4 में रखा जाएगा। इस दौरान चिन्हित बच्चों का साप्ताहिक रूप से टेस्ट लेते हुए उनकी शिक्षा स्तर का आंकलन किया जाएगा।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## देसी कट्टा एवं एयरगन के साथ डीजल-पेट्रोल चोर गिरोह के तीन अपराधी गिरफ्तार



**बसिया (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत लौंगा गांव में हाईवा गाड़ी से डीजल एवं पेट्रोल चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के तीन चोरों को बसिया पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में प्रेस वार्ता कर बसिया के एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी ने बताया कि 4 अप्रैल की रात 1.30 बजे गुप्त सूचना मिली कि अज्ञात चोरों द्वारा सफेद पिकअप गाड़ी से आकर थाना क्षेत्र के खूंटी-सिमडेगा मुख्य मार्ग स्थित लौंगा में सड़क डकैती की घटना को हथियार के बल पर हाइवा गाड़ी से डीजल एवं बैटरी की चोरी कर सिमडेगा की ओर भाग गया है। इस सूचना के सत्यापन के लिए एक छापामारी दल का गठन किया गया। बसिया पुलिस ने उक्त पिकअप वाहन को किन्दिर-केला स्थित हिंदुस्तान ढाबा से बरामद किया। पुलिस ने तीन अपराधी शिव कुमार सिंह सलगी थाना कुडू, श्रवण कुमार महतो काठी टांड़ रातू एवं शिव कुमार सिंह बसरी लोहरदगा को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से एक देसी कट्टा, एक एयरगन, एक सफेद पिकअप जिसपर 40 लीटर का डब्बा 15 पीस, तीन मोबाइल एवं चोरी के दो बैटरी को पुलिस ने बरामद किया। छापामारी टीम में थाना प्रभारी छोटू उरांव, एसआइ घनश्याम रवि एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## चैनपुर पुलिस ने फरार नक्सली पवन उरांव के घर पर चिपकाया इश्तेहार



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** फरार नक्सली पवन उरांव के घर में पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया। फरार नक्सली गुमला के कोलपाड़ा गट्टा गांव का निवासी है। पुलिस ने गांव पहुंच कर ग्रामीणों की उपस्थिति में ढोल नगाड़ा बजाकर उसके घर में इश्तेहार चिपकाया और उसके परिजनों से उसे पुलिस या कोर्ट के समक्ष एक महीने के अंदर सरेंडर करने की बात कही। वहीं पुलिस ने ग्रामीणों से अपील अपील की कि ग्रामीण आरोपी नक्सली को जागरूक करते हुए सरेंडर करने के लिए प्रेरित करें। थाना प्रभारी ने बताया कि न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सिविल कोर्ट गुमला से निर्गत इश्तहार को नक्सली के घर में चिपकाया गया है और ग्रामीणों तथा उसके परिजनों से अपील की गयी है कि राह से भटके हुए अपराधियों व नक्सलियों को मुख्य धारा से जुड़ने की अपील करें। बता दें कि नक्सली चैनपुर पुलिस ने कांड संख्या 5/22 धारा 302, 307, 342 एवं 120 बी शस्त्र अधिनियम एवं सीएलए एक्ट के तहत दर्ज केस में एक फरार अभियुक्त है।

## डुमरी थाना पुलिस ने नवाडीह चौक में चलाया सघन वाहन जांच अभियान



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** डुमरी पुलिस के द्वारा मुख्यालय के नवाडीह चौक के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें रास्ते से गुजरने वाले सभी छोटे-बड़े वाहनों के कागजात, हेलमेट, सीट बेल्ट, ट्रिपल लोडिंग इत्यादि की जांच की गयी। जांच के दौरान बिना हेलमेट के चलने वाले लोगों के वाहनों को जब्त भी किया गया है। मौके पर डुमरी थाना एसआई रवि कुमार वर्मा ने कहा कि गुमला एसपी के निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें लोगों से अपील की जा रही है कि वे मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का प्रयोग आवश्यक करें एवं नशा पान कर वाहन ना चलायें अन्यथा पकड़े जाने पर कार्रवाई की जायेगी। वहीं जांच के दौरान बिना हेलमेट के चलने वाले सभी वाहनों को जब्त कर थाना लाया गया। जांच अभियान में एएसआई संजय कुमार सिंह सहित थाने के जवान मौजूद थे।

## चैनपुर पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ चलाया छापेमारी अभियान



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाने की पुलिस के द्वारा बुधवार को कटकाही क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री को लेकर छापामारी अभियान चलाया। मौके पर कई घरों से अवैध महुआ शराब एवं जावा महुआ को नष्ट कर दिया। मौके पर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने सभी शराब बिक्रेताओं को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि जो लोग शराब बनाते या बिक्री करते हैं वे सुधर जायें। अगली बार शराब बनाते या बिक्री करते पकड़े जाते हैं तो उनके उपर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। छापामारी अभियान में मुख्य रूप से थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह सहित चैनपुर थाना के जवान मौजूद थे।

## डुमरी पुलिस ने भारी मात्रा में जावा एवं महुआ जब्त कर नष्ट किया



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** डुमरी पुलिस के द्वारा बुधवार को नशीले व मादक पदार्थ के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान भारी मात्रा में जावा एवं महुआ जब्त कर पुलिस के द्वारा नष्ट किया गया। डुमरी पुलिस के द्वारा प्रखंड के नवारी ब्लॉक रोड बैंक के सामने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान कई घरों से भारी मात्रा में शराब बनाने वाला जावा महुआ व शराब बरामद किया गया। जिसे पुलिस ने तत्काल नष्ट कर दिया। वहीं ग्रामीणों को सख्त लहजे में चेतावनी दी कि दोबारा शराब बनाते या बेचते पाये जानेपर उनके खिलाफ कठोर कारवाई की जाएगी। मौके पर एस आई रवि कुमार वर्मा, सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### अंग्रेजी हुकुमत के विरुद्ध प्रथम संगठित विद्रोह के महानायक को दी गयी श्रद्धांजलि

# इतिहासकारों ने की झारखंड के वीर सपूतों की अनदेखी: शिवपूजन मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता


शहीद रघुनाथ महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते पूर्व विधायक व अन्य।

**हरिहरगंज/पलामू।** आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के हरिहरगंज स्थित आवास पर बुधवार को विधानसभा स्तरीय चुआड़ विद्रोह के महानायक वीर शहीद रघुनाथ महतो के शहादत दिवस पर कार्यकर्ताओं ने सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता के अलावा जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन जिला उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी रामजी पासवान ने किया। वहीं शुरूआत में वीर रघुनाथ महतो के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने कहा कि वीर शहीद रघुनाथ महतो सहित झारखंड के वीर सपूतों के साथ इतिहासकारों ने न्याय नहीं किया। उन्हें वो जगह, वो स्थान नहीं मिला, जिसके वे असली हकदार थे।स्वतंत्रता सेनानियों एवं आंदोलनकारियों को सम्मान देने को लेकर हमारी पार्टी हमेशा से मुखर रही है। अन्य वक्ताओं ने कहा कि अंग्रेजी हुकुमत के विरूद्ध प्रथम संगठित विद्रोह के महानायक वीर शहीद क्रांतिवीर रघुनाथ महतो बचपन से ही अन्याय व शोषण के खिलाफ लड़ने वाले व्यक्ति थे। पांच अप्रैल 1778 को रांची जिले के लोटाकीता गांव में बैठक कर रहे थे, इसी दौरान अंग्रेजों ने गोलियां बरसाईं, जिसमें वे शहीद हो गए थे। इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र विश्वकर्मा, जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी, प्रखंड अध्यक्ष अजीत सिंह, महिला अध्यक्ष इंदु देवी, प्रखंड सचिव इरशाद आलम, इफ्तेखार आलम, नगर उपाध्यक्ष इफ्तेखार आलम, प्रखंड उपाध्यक्ष सोनू जायसवाल, मुखिया जितेंद्र पासवान, राजेंद्र मेहता, सीताराम साव, अरविंद विश्वकर्मा, छात्र प्रखंड अध्यक्ष आदित्य तिवारी, सनोज साव, रंजीत मेहता, डॉ बलदेव भुइया, गुप्तेश्वर मेहता, रवि मेहता सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से मिले पर्यावरणविद

आजाद सिपाही संवाददाता


पूर्व मुख्यमंत्री को पौधा देते पर्यावरणविद कौशल किशोर व पार्षद अमित।

**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पलामू प्रमंडल के दौरे पर आए भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान पर्यावरणविद कौशल किशोर ने पर्यावरण धर्म के तहत नाइजीरिया के गेस्ट रूम में रखने वाले डीलपलिप के पौधा देकर मुलाकात को यादगार बनाया। उन्होंने पर्यावरण के क्षेत्र में अपने द्वारा पिछले 56 वर्षो से चलाए जा रहे अभियान की विस्तृत जानकारी रघुवर दास को दी। पूर्व मुख्यमंत्री को बताया कि कोरोना काल के बाद देश के कई राज्यों में पर्यावरण धर्म और वन राखी मूवमेंट पर कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। उन्होंने अभी दक्षिण भारत में किये गए कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए नेपाल भूटान समेत हिमाचल उत्तराखंड में कार्यक्रम के आयोजन के सम्बंध में जानकारी दिया।

उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री से राज्य में सुखाड़ की स्थिति पर भी चर्चा की। साथ ही यह भी कहा कि जन और जानवरों के लिए जल की मुक्कमल व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आदमी तो नल और चापाकल से अपनी प्यास बुझा लेंगे, लेकिन वन्य प्राणियों की जान पानी के बगैर नहीं बच पाएगी। उन्होंने वन्य प्राणियों को जल संकट की विभीषिका से बचाने की अपील की। इस मौके पर उपस्थित छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने भी पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को बुके देकर मुलाकात की। इस अवसर पर भाजपा के पलामू प्रभारी विनय कुमार जायसवाल, विधायक आलोक चौरसिया, पूर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह, भाजपा प्रशिक्षण प्रदेश प्रमुख मनोज सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानंद आनंद पाठक, महापौर अरुणा शंकर, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आनंद शंकर, वैश्य प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर, नागेंद्र पांडेय, श्याम बाबू, नवल तुलस्यान, रिंकू दुबे, अरविंद गुप्ता, डिंपल, प्रेम कुमार, भाजपा महिला अध्यक्ष सीटू गुप्ता, रामा पांडे, महावीर साव, पंकज सिंह और भारत बाबू शामिल थे।

## विधायक ने पीएम को पत्र लिख कर पेयजल संकट से निजात दिलाने का किया आग्रह

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** विधायक कमलेश कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में पेयजल संकट और उससे निदान दिलाने का आग्रह किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि झारखंड के हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में पेयजल का घोर संकट उत्पन्न हो गया है। विगत वर्ष बरसात में औसत से भी कम बारिश होने के कारण भूगर्भिय जल का स्तर पहले की तुलना में 70 से 80 फिट निचे चला गया है। इस कारण सरकारी एवं निजी नलकूप एवं पेयजल कूप सूख गए हैं। जिस कारण आमजनों के बीच पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। विधानसभा क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा संचालित हर घर जल-नल की महत्वकांक्षी योजना प्रारंभ नहीं हो सकी है। पलामू जिला भारत सरकार के आकांक्षी जिलों की सूची में सम्मिलित है। उन्होंने लिखा है पानी तलाश में जंगली-जानवर भी जंगल से गांव की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे जान माल का नुकसान हो रहा है। उन्होंने पीएम से झारखंड के हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में पेयजल की सुगम उपलब्धता के लिए यथाशीघ्र वैकल्पिक व्यवस्था कराने को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

## समाज के लिए समर्पित थे ब्रह्मदेव पांडेय: महापौर

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर, उप महापौर मंगल सिंह, वार्ड पार्षद प्रदीप कुमार अकेला, नगर आयुक्त रवि आनंद और सहायक आयुक्त परितोष प्रियदर्शी ने मिलकर बोर्ड द्वारा पारित कॉपरेटिव चौक से डॉ आरपी सिन्हा रोड तक के मार्ग का नाम स्वर्गीय ब्रह्मदेव पाण्डेय मार्ग करते हुए नामकरण बोर्ड का अनावरण किया। इस अवसर पर महापौर अरुणा शंकर ने कहा स्वर्गीय ब्रह्मदेव पांडे हमारे समाज के धरोहर थे, जिन्होंने निगम बनने से पूर्व नगर पालिका में टैक्स दरोगा के रूप में भी 35 वर्षों तक अपनी सेवा दी और सामाजिक कार्यों में तत्पर रहते थे। आज उनके नाम का यह मार्ग करते हुए मुझे खुशी हो रही है। यह सम्मान उनके साथ साथ निगम कर्मियों का भी सम्मान है। महापौर ने कहा कि स्वर्गीय ब्रह्मदेव पांडे के पुत्र राजेश्वर पांडे जो एक समाजसेवी भी हैं वह नगरपालिका के दो टर्म काउंसलर भी रह चुके हैं। इस अवसर पर परिवार के सदस्य समाजसेवी ज्ञानचंद पांडे, इंजीनियर अजय कुमार पांडे,चंदू पांडे, दिलीप पांडे, संजय पांडे, राजवंती देवी, पूनम देवी, अनुज देवी, आरूषी कुमारी, नूतन पांडे, आईआईटियन शाश्वत शेखर, कोल इंडिया कंपनी के मैनेजर आर्यन कुमार आदि मौजूद थे।

## सामाजिक समरसता सप्ताह के तहत कई कार्यक्रम आयोजित करेगी भाजपा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी जिला भाजपा 16 अप्रैल तक कई कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। इसकी शुरूआत बुधवार से सामाजिक समरसता एवं न्याय सप्ताह के रूप में हुई। बताया गया कि छह अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस पर खूंटी के कार्यकर्ता को अपने-अपने घरों पर भाजपा का झंडा लगाएंगे और बूथ स्तर पर कार्यक्रम करेंगे। उसी दिन कार्यकर्ता सुबह 9.45 बजे प्रधानमंत्री का भाषण सुनेंगे। सात अप्रैल को जिला कार्यालय में भाजपा एसटी मोर्चा द्वारा जिले के प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। आठ अप्रैल को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा अस्पतालों में फलों का वितरण और अन्य सेवा कार्य करेंगे। 13 अप्रैल को भाजपा एससी मोर्चा द्वारा जिले में विभिन्न स्थलों में स्थापित डॉ अंबेदकर के मूर्ति की सफाई एवं मल्यार्पण किया जाएगा। 14 अप्रैल को समरसता दिवस मनाया जाएगा। 15 को भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा जिले भर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे और 16 अप्रैल को भाजयुमो द्वारा रक्तदान शिविर लगाया जाएगा।

## चौहरमल कल्याण समिति की बैठक, 9 अप्रैल को जयंती मनाने का निर्णय



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति हुसैनाबाद अनुमंडल इकाई के तत्वाधान में जपला के रूद्रा होटल में बुधनार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मदन पासवान और संचालन लल्लू पासवान ने किया। मदन पासवान ने बताया कि वीर बाबा चौहरमल जी की जयंती समारोह नगर पंचायत क्षेत्र के गम्हरिया गांव में 9 अप्रैल को मनाया जाएगा। इस दौरान रात में दुगोला महा मुकाबला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें महिला ब्यास यूपी के गोरखपुर निवासी निर्मला यादव और झारखंड से शिवशंकर यादव के बीच मुकाबला होगा। कार्यकर्म में पलामू सांसद बीड़ी राम, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, पूर्व विधायक प्रकाश राम, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, गिरिडीह के विधायक केदार हाजरा, पूर्व विधायक रेणु देवी, पंकज पासवान, पूर्व मंत्री राधा कृष्ण किशोर, पलामू जिला पार्षद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी, गढ़वा जिला पार्षद अध्यक्ष शांति देवी आदि मौजूद रहेंगे। बैठक में नगर अध्यक्ष शशि कुमार, विनय पासवान, रामप्रवेश पासवान, लल्लू पासवान, कृष्णा पासवान, उमेश पासवान, रामराज पासवान, राजेश पासवान आदि थे।

## पीएम आवास योजना में दिव्यांग, विधवा और किराये के घरों में रहनेवाले लोगों को देनी होगी प्राथमिकता : शरोज

आजाद सिपाही संवाददाता


कार्यालय में सीएलटीसी को फटकार लगाते शरोज। मौके पर मौजूद लाभुक।

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज नगर पंचायत कार्यालय में पीएम आवास के लाभुक गरीब दिव्यांग, विधवा एवं किराए के मकान में रह रहे लोगों को प्राथमिकता न देकर सुखी जीवन व्यतीत करने वाले लोगों से पैसे लेकर किस्त की राशि भुगतान की जा रही है। यह गरीबों के साथ अन्याय है। एनसीपी गरीबों के साथ हो रहे अन्याय को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। उक्त बातें हरिहरगंज एनसीपी विधायक प्रतिनिधि सह मुखिया शरोज प्रसाद कुशवाहा ने कही। वे बुधवार को लाभुकों की शिकायत पर नप कार्यालय में सीएलटीसी संजय राणा को फटकार लगाते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बिना पैसे के दिव्यांग एवं गरीब परिवारों को पीएम आवास की किस्त की राशि नहीं दी जा रही है। हर हाल में दिव्यांग-विधवा एवं जो किराए के मकान में रहे हैं, उन्हें पहली प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि पीएम आवास के लाभुक प्रथम किस्त के लिए वार्ड नं 14 के पिंकी देवी, 10 के मनोरमा देवी, 5 के मुन्नी देवी, दूसरे किस्त के लिए वार्ड नं 8 के रीना देवी, रंजू देवी,राधा देवी,मंजु देवी सहित कई लोग नप कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। उक्त लोगों ने बताया कि वगैर घुस के राशि भुगतान नहीं किया जा रहा है। घुस नहीं देने पर पैसा नहीं डाला जा रहा है।इस दौरान नप के सीएलटीसी संजय राणा ने बताया कि 29 मार्च को मात्र एक दिन के लिए पैसा आया था। जिसमें 164 लोगों को ही तीसरे किस्त की राशि भुगतान हो सकी।जबकि मई माह तक सभी को पीएम की राशि भुगतान हो जाएगी। मौके पर एनसीपी नेता विजय सिंह, मोहम्मद आविद उर्फ मुन्ना, मोहम्मद शमशाद और मृत्युंजय कुमार सिंह उपस्थित थे।

# स्पोर्ट्स



आइपीएल 2023 के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंग्लैंड के खिलाड़ी जेसन रॉय को 2.8 करोड़ रुपये में खरीदा है। वे केकेआस से जुड़ भी गए हैं। उन्होंने श्रेयस अय्यर की जगह ली है।

### श्रेयस अय्यर की जगह टीम से जुड़े रॉय, फ्रेंचाइजी ने 2.8 करोड़ रुपये में खरीदा

# कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़े इंग्लैंड के जेसन रॉय

एजेंसी



**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंग्लैंड के जेसन रॉय को टीम में शामिल किया है। केकेआर ने जेसन रॉय को आइपीएल-2023 के लिए 2.8 करोड़ रुपए में खरीदा है। केकेआर के श्रेयस अय्यर टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं, जबकि बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने सीजन के लिए अपनी अनुपलब्धता की पुष्टि की है। शाकिब के मुताबिक, उन्हें अभी बांग्लादेश की ओर से आयरलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेलना है। इसके बाद व्यक्तिगत कारणों की वजह से वह इस साल टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेंगे। दूसरी ओर केकेआर और बांग्लादेश टीम के खिलाड़ी लिटन दास भी आयरलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेलने के बाद ही केकेआर के कैंप को जॉइन करेंगे।

### आखिरी बार सनराइजर्स हैदराबाद से खेले थे जेसन रॉय

जेसन रॉय इससे पहले 2017 और 2018 सीजन में हिस्सा लिया था। आखिरी बार सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 2021 सीजन में खेलते नजर आए थे। साल 2021 में उन्होंने पांच मैच खेले, जिसमें एक अर्धशतक सहित 150 रन बनाए। 32 साल के खिलाड़ी ने इंग्लैंड के लिए 64 टी20कखेले हैं, जिसमें 8 अर्द्धशतक के साथ 137.61 के स्ट्राइक रेट से 1522 रन बनाए हैं।

### केकेआर ने शाकिब को 1.5 करोड़ में खरीदा था

आइपीएल 2023 की नीलामी में केकेआर ने शाकिब अल हसन को 1.5 करोड़ रुपए में खरीदा था। फ्रेंचाइजी और शाकिब के बीच सीजन के पहले से ही अटकले चल रही थी। बीसीबी यानी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने शाकिब और लिटन दस को रिलीज करने से इंकार कर दिया है। ताकि, दोनों मीरपुर टेस्ट का हिस्सा बन सके। हालांकि शुरूआत में फ्रेंचाइजी को लगा की शाकिब और दास टेस्ट मैच स्किप कर केकेआर हिस्सा बन सकते है, लेकिन ऐसा हुआ नहीं।

### गुरनूर पंजाब किंग्स से जुड़े

पंजाब किंग्स के ऑलराउंडर राज अंगद बावा चोट के कारण लीग के इस सीजन से बाहर हो गए हैं। फ्रेंचाइजी ने उनकी जगह गुरनूर सिंह बराड़ को अपनी टीम में शामिल किया है। पंजाब ने गुरनूर को 20 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा है।


अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुड़ू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY



Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com



Helpline No.: 7061812125
www.janyafertilityclinic.com
Janya Hospital
जान्या हॉस्पिटल
नि:संतान दंपतियों, स्त्रियों एवं गर्भवती महिलाओं और बच्चों के इलाज हेतु संपर्क करें!
सुविधाएँ
(1) कृत्रिम गर्भाधान (IUI)
(2) आई.वी.एफ. (IVF)
(3) इक्सी (ICSI, IMSI)
(4) ब्लास्टोसिस्ट ट्रांसफर
(5) विशिष्ट सूई द्वारा शुक्राणुओं को निकालना (TESE/ MESA / PESA)
(6) एग एवं शुक्राणु डोनेशन प्रक्रिया (Egg & Sperm Donation)
(7) भ्रूण डोनेशन प्रक्रिया (Donor Embryo)
(8) वीर्य एवं भ्रूण का संग्रहण
(9) दूरबीन पद्धति द्वारा जाँच व ईलाज (Lapro Hysteroscopy)
DOCTORS
डा॰ मणि मुक्ता
आई.वी.एफ एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
नि: संतानता ईलाज(IVF) पर भारी छूट
ऐश्वर्या रेसिडेंसी, ए-1, अरगोड़ा-कटहल मोड़ रोड, नियर रिलायंस फ्रेस, दीपाटोली, पुन्दाग, रॉंची, झारखण्ड-834004

रत्न विक्रेता    जय माता दी    रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र



पंडित शशि कांत मिश्रा





पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

## महत्वपूर्ण न्यूज

## चुआड़ विद्रोह के नायक शहीद रघुनाथ महतो का मनाया शहादत दिवस




करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)। फुसरो नप क्षेत्र के झब्बू सिंह मेमोरियल कॉलेज के समीप स्थित आजसू कार्यालय में बुधवार को चुआड़ विद्रोह के महानायक क्रांतिवीर शहीद रघुनाथ महतो की शहादत दिवस मनाया गया। आजसू के केंद्रीय सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि सूरज महतो सहित अन्य लोगों ने शहीद रघुनाथ महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय समिति के निर्णय अनुसार रघुनाथ महतो की शहादत दिवस व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर शहीद क्रांतिकारी को नमन किया गया। शहीद रघुनाथ महतो ने शोषण और अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। 1760 में अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ाई शुरू कर उनकी नींद हराम कर दी थी। उनकी अगुवाई में साल 1776 में आंदोलन ने जोर पकड़ा, जो चुआड़ विद्रोह के नाम से प्रचलित हुआ। आज ही दिन 1778 में महान सपूत देश के लिए शहीद हुए थे। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि सह पूर्व मुखिया धनेश्वर महतो, चिंतामणि महतो, मितलाल महतो, चंद्रदेव महतो, धनश्याम महतो, नागेश्वर महतो, श्याम नारायण, द्वारिका महतो आदि मौजूद थे।

## वीर शहीद रघुनाथ महतो के आंदोलन के इतिहास को संरक्षित रखना हमारा दायित्व : उमाकांत रजक



बोकारो (आजाद सिपाही)। रघुनाथ महतो चुआड़ विद्रोह के महानायक थे। उनके आंदोलन के इतिहास को संरक्षित करना हम सभी की जिम्मेवारी है। उक्त बातें प्रदेश के पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कही वे बुधवार को आजसू के प्रधान कार्यालय चंदनकियारी में उनके चित्र पर श्रंद्धासुमन अर्पित करते हुए संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरायकेला-खरसावां जिले के नीमडीह प्रखंड के घुटियाडीह गांव में 21 मार्च 1738 को जन्में रघुनाथ महतो में बचपन से ही अन्याय व शोषण के खिलाफ लड़ने की प्रवृति थी। रघुनाथ महतो अपने साथियों के साथ पांच अप्रैल 1778 को रांची जिले के लोटा कीता गांव में बैठक कर रहे थे कि तभी अंग्रेजों ने अंधाधूंध गोलियां बरसाई थी, जिसमें वे शहीद हो गये थे। उनके बलिदान को कभी भूलाया नहीं जा सकता है। इस मौके पर केंद्रीय सचिव सुभाष शेखर, दुर्गाचरण महतो, तपन सिंह चौधरी, प्रकाश शर्मा, राजेश भगत, बादुल राय, भोलानाथ गोप, रमा देवी, शिबू महतो, राकेश कुमार, अशोक महतो, कार्तिक गोराई, मथुर गोप, अनिल झा, हानिफ आंसरी, उर्मिला देवी, वशिष्ठ सिंह चौधरी, शत्रुघ्न महतो, राजीव रंजन झा, परशुराम महतो, दिनेश, विकास सिंह, कुलदीप ठाकुर, सुदामा सिंह आदि उपस्थित थे।

## आजसू ने मनाया स्वतंत्रता सेनानी शहीद रघुनाथ महतो का शहादत दिवस



धनबाद (आजाद सिपाही)। आजसू के जिला कार्यालय में बुधवार को शहीद रघुनाथ महतो का शहादत दिवस मनाया गया। आजसू महानगर के जिलाध्यक्ष पप्पू सिंह ने कहा अंग्रेजी हुकूमत ने जमीन की मालगुजारी लेनी शुरू की थी, तो 1769 में रघुनाथ महतो के नेतृत्व में चुहाड़ विद्रोह शुरू किया गया था। अंग्रेज और उनके पिट्ठू जमींदारों ने घृणा प्रदर्शित करने के लिए इसका नामकरण चुहाड़ रखा था। उन्होंने कहा सन 1769 में छोटानागपुर के इलाके में एक विद्रोह हुआ। यह विद्रोह अंग्रेजी हुकूमत द्वारा जल, जंगल और जमीन के लिए किया गया सबसे पहला विद्रोह था। हालांकि इस विद्रोह के दौरान रघुनाथ महतो एवं उनके अनेक साथी शहीद हो गए। पर इस विद्रोह की अनुगूंज बाद के विद्रोहों में साफ सुनाई दी। कुल्लू चौधरी ने कहा कि रघुनाथ महतो बचपन से ही देशभक्त व क्रांतिकारी स्वभाव के थे। ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ जंगल-जमीन के बचाव एवं नाना प्रकार के शोषण से मुक्ति के लिए विद्रोह किया, जिसे चुहाड़ विद्रोह कहा गया। इस मौके पर केंद्रीय सदस्य रतिलाल महतो, महानगर महासचिव दिलीप सिंह, अध्यक्ष जीतू पासवान, उपाध्यक्ष संतोष पासवान, कलियासोल प्रभारी संतोष कुशवाहा, प्रदीप महतो, बब्लू पासवान छात्र नेता विशाल महतो आदि उपस्थित थे।

## सुरक्षा विभाग और सीआइएसएफ ने संयुक्त छापामारी कर जब्त किया चार टन अवैध कोयला

फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। सीसीएल ढोरी के महाप्रबंधक मनोज कुमार अग्रवाल के निर्देश पर सुरक्षा विभाग और सीआइएसएफ की क्यूआरटी टीम ने एएडीओसीएम (अमलो) परियोजना के 13 नंबर और 9 नंबर के बीच ताराबेड़ा सड़क में संयुक्त छापामारी की गई। इसका नेतृत्व क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम युईके ने किया। इस दौरान चार टन अवैध कच्चा कोयला जब्त किया गया। जिसे कांटा कराकर 6 नंबर कोल डिपो में डंप कराया गया। सीताराम युईके ने कहा कि यह छापामारी परस्पर ढोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। वर्ष 22-23 में भी कोयला चोरी पर लगाम लगाने के लिए सुरक्षा विभाग कमर कस रखी है। कोयला चोरी से देश के राजस्व की क्षति है। हमारा प्रयास है कि ढोरी क्षेत्र से कोयला चोरी पर पूर्ण रूप से विराम लगे। आने वाले दिनों में और भी छापामारी की जाएगी। जो भी धंधेबाज पकड़े जाते है उसपर एफआईआर की जाएगी। इस मौके पर क्षेत्रीय सुरक्षा इंचार्ज उमाशंकर महतो, अनाम वारिस, सिकंदर अली, कोलेश्वर सिंह, सोनू घाना, मानिक दिगार, गौतम तिवारी, जितेंद्र रजक सहित क्यूआरटी की टीम मौजूद थे।

## राहुल गांधी के समर्थन में एनएसयूआइ ने धनबाद के गुरुनानक कॉलेज में चलाया पोस्टकार्ड अभियान

धनबाद (आजाद सिपाही)। गुरु नानक कॉलेज में बुधवार को एनएसयूआई की ओर से पोस्टकार्ड अभियान चलाया गया। पोस्ट कार्ड के माध्यम से छात्रों ने देश में राहुल गांधी की सांसद की सदस्यता को रद्द करने को लेकर केंद्र सरकार से सवाल किए गए हैं। जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी ने कहा कि भाजपा के एक दर्जन पूर्व सांसद ऐसे हैं जो आज किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं। फिर भी उन्हें सरकारी बंगला दिया गया है। कारण बताया गया है कि आतंकवादियों से उन्हें खतरा है और जिस व्यक्ति के घर से दादी और पिता जी देश का प्रधानमंत्री रहते आतंकवादियों ने मार दिया उन्हें घर से निकाल कर सड़क पर लाया जा रहा है। जिसका हम विरोध करते हैं। इस मौके पर गुरु नानक कॉलेज के पूर्व अध्यक्ष सनी सिंह, आयुष सिंह, सुंदर कुमार, रोहित मंडल आदि थे।

### आवासीय कार्यालय में विधायक बिरंची नारायण ने सरकार के खिलाफ बोला हमला

# झारखंड सरकार ही करवा रही खनिज संपदा की लूट

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। विधायक बिरंची नारायण के आवासिय कार्यालय में बुधवार को बोकारो विधानसभा क्षेत्र स्थित मंडल कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भरत यादव ने की। बैठक में झारखंड विधानसभा के विरोधी दल के मुख्य सचेतक सह बोकारो विधायक बिरंची नारायण विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री संजय त्यागी ने किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भरत यादव ने कहा कि 11 अप्रैल को सचिवालय के समक्ष विशाल जनाक्रोश प्रदर्शन होना है। जिसके तहत बोकारो जिला से पांच और बोकारो विधानसभा क्षेत्र से दो हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे। वहीं, विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि आरोप लगाया कि झारखंड की महागठबंधन की की सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। युवा, किसान, महिला आदि हर वर्ग वर्तमान सरकार के कार्य से नाखुश हैं। सत्ता में काबिज होने से पहले सत्तारूढ़ दलों से जनता-मतदाताओं से बड़े-बड़े लुभावने वादे किये थे. जिसे अब तक पूरी नहीं कर पाए हैं। वर्तमान सरकार में विकास केवल खनिज संपदा को लूटने वालों का ही हुआ है। सत्ताधारी दल के कई विधायकों ने खुद ही सरकार के खिलाफ सवाल उठाया है।। इस मौके पर त्रिलोकी सिंह, कमलेश राय, अशोक कुमार पप्पू, महेंद्र राय, विनय आनंद, केके बोराल, श्याम मंडल, मनोज सिंह, विनय किशोर, बैधनाथ प्रसाद, हरीश सिंह, पीयूष आचार्या, पनालाल कान्दू, गोलू उपाध्याय, अविनाश झा, अमित सिंह, निरंजन तिवारी रणजीत, राजीव मालाकार, झंतु दे, प्रकाश प्रामाणिक, भोला,सुभाष सरकार, जितेंद्र गोस्वामी और राहुल गोस्वामी आदि मौजूद रहे।



बोकारो में मंडल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते विधायक विरंची नारायण।

## राहुल गांधी के समर्थन में उतरे यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता, टोल प्लाजा किया जाम




आजाद सिपाही संवाददाता

चिरकुंडा। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कुमार गौरव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता बुधवार को राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने एवं एक माह के अंदर आवास खाली करने के नोटिस देने के विरोध में प्रदर्शन किया। मैथन टोल टैक्स को करीब आधा घंटा से अधिक समय तक जाम कर बाधित कर दिया। इससे दोनों किनारों पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी विनोद छतरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह तानाशाही पर उतर आए है। जिसे लेकर युवा राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी सदन के अंदर और बाहर जनहित के मुद्दे उठाकर मोदी सरकार की नाकामियों को उजागर कर रहे थे। इससे घबराकर मोदी सरकार ने साजिश के तहत उनकी सदस्यता रद्द करा दी जो लोकतंत्र की हत्या है। वहीं, जाम को विकराल रूप धारण करते देख मैथन ओपी प्रभारी बालाजी राजहंस ने कड़ा रुख अपनाते हुए आंदोलनकरियों से कहा कि जो भी कहना है ओपी पर चलकर कहें। इस तरह टोल टैक्स का घेराव करना गलत और गैरकानूनी है। मैथन पुलिस के कड़े रुख को देख आंदोलनकारी वहां से हट गए और मैथन ओपी में पहुंचे। दूसरी तरफ पुलिस ने आधे घंटे से अधिक समय तक के टोल टैक्स के जाम को सुचारू कराते हुए हुए जाम को हटाया और आवागमन सुचारू कराया। इस मौके पर एसडीपीओ पीतांबर सिंह खेरवार, मैथन ओपी प्रभारी बालाजी राजहंस मौजूद थे। वही यूथ कांग्रेस की ओर से जामताड़ा जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, सावन सुमन, सनी सिंह, तरवेज खान, मनोहर महतो, राजीव रंजन नीरज, शरीफ अंसारी, टिंकू अंसारी, संतोष राय, जोगिंदर सिंह योगी, मनोज हाडी, दीपक यादव, राकेश मिश्रा मंजर आलम, कुमार अभिरव,दानिश रहमान, सिद्धू दास, कृष्णा राम सहित सैकड़ों कांग्रेस यूथ कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आम तोड़ने पेड़ पर चढ़े किशोर की करंट लगने से मौत

ललपनिया (आजाद सिपाही)। गोमिया प्रखंड क्षेत्र स्थित तुलबुल पंचायत के करी टोंगरी स्थित सुंडी टोला में बुधवार को 11 हजार वोल्ड के हाइ टेंशन तार की चपेट में आने से 11 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। उसकी पहचान सुमित कुमार के रूप में हुई है। उधर, घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर गोमिया-ललपनिया मुख्य सड़क जाम कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है। वहीं, मृतक की मां मनवा देवी ने बताया कि उसका पति मुंबई में काम करने गए। वो दो बच्चों के साथ घर पर अकेली रहती हैं। बुधवार की सुबह बेटे सुमित साव के साथ वह ललपनिया रोड के कारी टुंगरी के निकट महुआ चुनने गई थी। कारीटुंगरी निकट ललपनिया रोड पर उसका एक और नया मकान है। महुआ चुनने के बाद वह पुराने घर लौट गई, लेकिन सुमित नए घर पर ही रुक गया। कुछ देर बाद सूचना मिली कि वह सड़क किनारे आम के पेड़ पर चढ़ा था। जहां करंट लगने से उसकी मौत हो गई है। उधर, जाम की सूचना पाकर जिप अध्यक्ष सुनीता देवी, गोमिया बीडीओ कपिल कुमार, सीओ संदीप अनुराग टोपनो, थाना प्रभारी राजेश रंजन, आईईएल थाना प्रभारी अभिषेक महतो, ललपनिया थाना प्रभारी सुबोध कुमार दास, बिजली विभाग के कनीय अभियंता नागेंद्र मिंज और कर्मचारी राजन यादव आदि पहुंच और मृतक के आश्रित को चार लाख रुपये और उसके आश्रित को संवेदक के अधीन एक व्यक्ति को नियोजन पर सहमति बनी। इसके बाद जाम खत्म हुआ।

### 11 को रांची सचिवालय घेराव में बेरमो से बड़ी संख्या में शामिल होंगे कार्यरर्ता

# झारखंड की महागठबंधन की सरकार कर रही तुष्टीकरण की राजनीति: रामकिंकर

आजाद सिपाही संववाददाता



करगली/बेरमो। भाजपा के फुसरो मंडल अध्यक्ष रामकिंकर पांडेय ने झब्बू सिंह मेमोरियल कॉलेज स्थित डबल स्टोरी के आवासीय कार्यालय में बुधवार को प्रेसवार्ता कर राज्य की महागठबंधन सरकार पर मकर हमला बोला। आरोप लगाया कि झारखंड की महागठबंधन सरकार और प्रदेश के मुखिया तुष्टीकरण की राजनीति कर रहे हैं। किसी एक समुदाय विशेष को संरक्षण दिया जा रहा है। रामनवमी के दौरान सरकार द्वारा दिशा निर्देश जारी कर बड़े टेलर व डीजे साउंड पर प्रतिबंध लगाया गया। ये सरकार तुष्टीकरण की हर सीमा को पार कर रही है। हमारे देश का मूल धर्म सनातन है। सनातन धर्म का सबसे बड़ा अराध्य भगवान श्रीराम है। भारत में रामनवमी व हनुमान जंयती नहीं मनाएंगे तो कहां जायेंगें। रामनवमी जुलूस को लेकर राज्य के कई जिलों में तनावपूर्ण स्थित है। पूरे प्रदेश में डीजे पर प्रतिबंध लगाया गया, जबकि दूसरे समुदायों के त्योहारों में ऐसा प्रतिबंध नहीं लगाते है। इससे साफ झलकता है कि सरकार पूरी तरह से तुष्टिकरण की नीति पर चल रही है। एक तरफ रामनवमी के जुलूस पर रोक लगाते हैं और दूसरी तरफ बैकग्राउंड में लालकिला की फोटो लगाकर इफ्तारी दावत करते हैं। एक ही महीने में रामनवमी एवं रमजान का त्योहार आता है, जिसमें एक समुदाय को दबाया जाता है एवं दूसरे समुदाय को छुट दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जो अंग्रेज और मुगल नहीं कर पाए वो काम झारखंड की महागठबंधन की सरकार करना चाह रही है। जबकि इसी धरती से आततायियों के खिलाफ संथाल आंदोलन की शुरूआत हुई है। राज्य में अवैध कोयला का कारोबार तेजी से पल फूल रहा है। इससे राजस्व को भारी नुकसान हो रहा है। बताया कि गुरुवार को पार्टी की स्थापना दिवस बूथ स्तर पर मनाया जायेगा। साथ ही सरकार के वादा खिलाफी व भ्रष्टाचार के विरुद्ध 11 अप्रैल को रांची स्थित सचिवालय का घेराव किया जायेगा। इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के फुसरो नगर मंडल अध्यक्ष श्रीकांत सिंह यादव मौजूद थे।

## कॉरिडोर निर्माण के लिए रेलवे ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान, आशियाना टूटता देख रो पड़े लोग



चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। आसनसोल रेलमंडल की टीम ने कुमारधुबी फ्रंट कॉरिडोर निर्माण के लिए बुधवार को मैथन के नयानगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया। रेल अधिकारी पूरे लाव-लश्कर के साथ दोपहर 12 बजे नयानगर पहुंचे और रेलवे की जमीन का अतिक्रमण कर बने मकानों को बुल्डोजर से तोड़ना शुरू किया। मुखिया मनोज राउत व मासस नेता मुन्ना यादव ने इसका विरोध किया और अधिकारियों से घर खाली करने के लिए कुछ दिन का समय मांगा। लेकिन रेलवे अधिकारियों ने उनकी एक ना सुनी। कहा कि पहले ही बहुत समय दिया जा चुका है। दूसरी ओर, अपना आशियाना टूटता देख कई लोग तो रो पड़े। संभावित विरोध को भांप मोहल्ले में बड़ी संख्या में आरपीएफ व पुलिस बल को तैनात थे। हालांकि कोई बल प्रयोग करने की जरूरत नहीं पड़ी। बेघर हो रहे लोगों ने नेताओं को कोसते हुए कहा कि सभी ने झूठे आश्वासन दिया।

## डीएवी 6 में वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ नये सत्र की शुरूआत

बोकारो (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 में वैदिक मंत्रों और हवन के साथ शैक्षणिक सत्र 2023-24 की शुरूआत की गई। एलकेजी से कक्षा 12वीं तक के सभी बच्चों ने नए सपनों को पूरा करने के लिए नए कक्षा में प्रवेश किया। सभी शिक्षकों ने बच्चों का कक्षा में स्वागत किया। प्राचार्य एसके मिश्र ने बच्चों को शैक्षणिक विषयों एवं नैतिक मूल्यों पर विशेष रूप से ध्यान देने की बात कही। उन्होंने बच्चों के मेहनत की प्रशंसा की। पिछले सत्र की कामियाबी और नये सत्र में अपने लक्ष्य को पाने के लिए नये उर्जा और जुनून के साथ बढ़ने की प्रेरणा दी।


e- Procurement Cell
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER,
CIRCLE NO-2, RANCHI
COMBINED OFFICE BUILDING,
BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT
JHARKHAND, RANCHI

Notice Inviting Tender (Very Short Notice)
ई – प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

Tender Reference No.-(01)BCD/CIR-2/RANCHI/DIV/2023-24
Date:-05-04-2023

| . | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Renovation work of Essential works for Auditorium at RIMS,Ranchi. | रू0 65,71,800.00 | 04 महीने |
| 1 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 12-04-2023 | |
| 2 | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 19-04-2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| 3 | हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय | 20-04-2023 को दोपहर 12.00 बजे तक | |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि/ समय | 20.04.2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| 5 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल अधीक्षण अभियंता का कार्यालयभवन अंचल सं0–2,रांची,कम्बाईन्ड. ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। | |
| 6 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9931152315/8987663716 | |
| 7 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-3512691 | |

• इस निविदा/कोटेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना /बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhand tenders.gov.in पर किया जा सकता है।

Nodal Officer,
e- Procurement Cell OFFICE OF
THE SUPERINTENDING ENGINEER,
CIRCLE NO-2, RANCHI COMBINED OFFICE BUILDING,
BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT

PR294571 (Building Dept Circle - 2)23-24*D



कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 02/2023–24

वित्तीय वर्ष 2022–23 में पंचायती राज विभाग को भेजी गई अधियाचना के आलोक में प्राप्त आवंटन के तहत् स्वीकृत क्रमांक– 01 से 07 में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त–1 के अनुसार निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–10.04.2022 एवं 11.04.2022 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक–12.04.2022 (अपराह्न 3:00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक–12.04.2022 (अपराह्न 04:00 बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला परिषद् कार्यालय, डी0आर0डी0ए0 भवन, कोडरमा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– डी0आर0डी0ए0 सभागार, कोडरमा।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0स0 | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | सतगावां | सतगावां हाट बाजार में 02 अदद शेड, चबूतरा एवं वायर घेराबंदी निर्माण | 1553250.00 | 31065.00 | 5000 | 3 माह |
| 02 | सतगावां | बासोडीह हाट–बाजार में 03 अदद शेड निर्माण | 1910245.00 | 38205.00 | 5000 | 3 माह |
| 03 | जयनगर | जयनगर के पेठियाबागी हाट–बाजार में आधारभूत संरचना निर्माण | 2488700.00 | 49774.00 | 5000 | 3 माह |
| 04 | मरकच्चो | मरकच्चो हाट–बाजार में 03 अदद शेड का निर्माण | 1910250.00 | 38205.00 | 5000 | 3 माह |
| 05 | मरकच्चो | मरकच्चो हाट–बाजार में 03 अदद शेड का निर्माण | 1910250.00 | 38205.00 | 5000 | 3 माह |
| 06 | मरकच्चो | मरकच्चो हाट–बाजार में 02 अदद शेड का निर्माण | 1273500.00 | 25470.00 | 2500 | 3 माह |
| 07 | मरकच्चो | मरकच्चो हाट–बाजार में पेबर ब्लॉक पथ का निर्माण | 2485700.00 | 49714.00 | 5000 | 3 माह |

निविदा की शर्ते www.koderma.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, कोडरमा।

PR.NO.294555 Panchayati Raj(23-24):D



कार्यालय जिला परिषद्, चतरा
(अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–13, वर्ष 2022–23)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : जिला अभियंता, जिला परिषद्, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिकी की तिथि : **17.04.2023** से **19.04.2023** तक कार्यालय कार्य अवधि में (राजपत्रित अवकाश को छोड़ कर)
3. परिमाण विपत्र की बिकी का स्थान : जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, चतरा।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय: **20.04.2023** को कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : **20.04.2023** को कार्यालय अवधि में 3.30 बजे अपराह्न में
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा/जिला परिषद, चतरा।
8. **कार्य की विस्तृत** विवरणी/मद – : **DMFT (213/14.03.23)**

| क्र | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रतापपुर | जोगीडीह | घुज्जी | ग्राम घुज्जी मेन रोड से जीतन यादव एवं लखन यादव के घर होते हुए रोड तक पीसीसी पथ निर्माण। | 878200 | 1250 | 18000 | 03 माह |
| 2 | प्रतापपुर | जोगीडीह | मादाडीह | ग्राम मादाडीह सेराज मियां के घर से राजधानी मोड तक पीसीसी पथ निमार्ण | 924300 | 1250 | 18500 | 03 माह |
| 3 | प्रतापपुर | जोगीडीह | जोगीडीह | ग्राम योगिडीह बिचला टोला बढन भारती के घर से कठहल पेड तक पीसीसी पथ एवं नाली निर्माण। | 465100 | 750 | 9500 | 03 माह |
| 4 | प्रतापपुर | जोगीयारा | लिदिक | ग्राम लिदिक में ननकू भारती के घर से उमेश भारती के घर तक पीसीसी पथ निर्माण | 782500 | 1250 | 16000 | 03 माह |

**निविदा की शर्ते –**

1. जिला परिषद/जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा अन्तर्गत निबंधित तथा UCAN Portal में Registered संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगें।
2. जिला द्वारा निर्गत आवंटन से जिला अन्तर्गत किसी भी कार्यान्वयन एजेन्सी में संवेदक के नाम से कार्य लंबित है, तो उनके पक्ष में निविदा निस्तार नहीं की जायेगी ।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
4. अन्य निविदा की शर्ते कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, चतरा

PR294514 (District)23-24*D

## मुस्लिम धर्मगुरुओं से मिले अमित शाह: लिंचिंग, हेट स्पीच के मामलों में कार्रवाई का भरोसा दिया

# धर्मगुरु बोले: ये शाह बिल्कुल अलग थे



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मुस्लिम धर्मगुरुओं के डेलिगेशन ने मंगलवार देर रात गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस मीटिंग में डेलिगेशन का नेतृत्व जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने किया। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के सेक्रेटरी नियाज फारूकी, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य कमाल फारूकी और प्रोफेसर अख्तरुल वासे समेत कई लोग इस मीटिंग में शामिल हुए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मीटिंग में शाह ने लिंचिंग और हेट स्पीच जैसे मामलों में कड़ी कार्रवाई करने का भरोसा दिया। मीटिंग के बाद जमीयत उलेमा-ए-हिंद के सेक्रेटरी नियाज फारूकी ने कहा कि वे राजनीतिक भाषण देने वाले अमित शाह से बिल्कुल अलग थे। उन्होंने बताया कि अमित शाह ने उनकी चिंताओं को विस्तार से सुना और पॉजिटिव जवाब दिये। वे उनकी बातों को खारिज नहीं कर रहे थे।

### डेलीगेशन ने मीटिंग में 14 मुद्दे उठाये

मुस्लिम धर्मगुरुओं के डेलिगेशन ने मुस्लिम समुदाय की समस्याओं को बताने के लिए एक प्रेजेंटेशन भी दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस दौरान 14 मुद्दे उठाये गये। फारूकी ने बताया कि उन्होंने किसी नेता पर निशाना नहीं साधा। ये उनका टारगेट भी नहीं था। हमारा उद्देश्य था कि सहयोग की भावना बढ़े और देश का माहौल बदले।

### मीटिंग में उठाये गये प्रमुख मुद्दे

मीटिंग में भाजपा नेताओं की हेट स्पीच का मुद्दा भी उठाया गया। इसके जवाब में शाह ने कहा कि सभी तरह के लोग होते हैं लेकिन सभी लोगों को एक ही लेंस से देखना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि हेट स्पीच में गवर्नमेंट शामिल नहीं है। डेलिगेशन ने शाह से कहा कि आपकी चुप्पी से मुसलमानों में निराशा फैलती है। इस पर शाह ने कहा कि वे इस मामले को देखेंगे।

## सोनिया के घर शिफ्ट होंगे राहुल, सामान भेजा जा रहा

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** राहुल गांधी सरकारी बंगला छोड़ने के बाद सोनिया गांधी के घर (10 जनपथ) शिफ्ट हो रहे हैं। उनका सामान शिफ्ट किया जा रहा है। वे जल्द ही यहां रहने लगेंगे। 23 मार्च को सूरत कोर्ट ने मानहानि केस में उन्हें 2 साल कैद की सजा सुनाई थी। हालांकि कुछ ही देर में उन्हें जमानत भी दे दी थी। इसके अगले दिन राहुल की लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी गई। जिसके बाद 27 मार्च को उन्हें बंगला खाली करने का नोटिस दिया गया। नोटिस मिलने के बाद राहुल ने कहा था कि सरकारी बंगले से उनकी कई अच्छी यादें जुड़ी हुई हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तब उन्हें अपने या सोनिया के बंगले में शिफ्ट होने का सुझाव दिया था। राहुल को 27 मार्च को लोकसभा हाउसिंग कमेटी ने 12 तुगलक रोड का सरकारी आवास खाली करने का नोटिस भेजा था।

## इडी मामले में सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 17 अप्रैल तक बढ़ी, 26 फरवरी को किया था गिरफ्तार

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली शराब नीति-2021-22 में कथित अनियमितताओं के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) और प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की अलग-अलग गिरफ्तारी के बाद तिहाड़ जेल में बंद आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बुधवार को 17 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी गई। राउस एवेन्यू स्थित एमके. नागपाल की विशेष अदालत ने इडी की ओर से दर्ज मनी लांड्रिंग के मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी के अनुरोध पर सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ाने का आदेश पारित किया। विशेष अदालत ने सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए 12 अप्रैल की तारीख मुकर्रर की है। इससे पहले इस अदालत ने 3 अप्रैल को आरोपी नेता को सीबीआइ की ओर से दर्ज मामले में भी 17 अप्रैल न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया था। विशेष अदालत ने आबकारी नीति कथित अनियमितताओं के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) की ओर से दर्ज प्राथमिकी में सिसोदिया की जमानत याचिका 31 मार्च को खारिज कर दी थी। पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया को सीबीआई ने लंबी पूछताछ के बाद 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था। बाद में सिसोदिया को विशेष अदालत में पेश किया गया था, जहां उन्हें सीबीआइ के अनुरोध पर चार मार्च तक केंद्रीय जांच एजेंसी की हिरासत में भेजा था, जिसकी अवधि समाप्त होने पर दो दिनों की और सीबीआइ हिरासत में भेजने का आदेश दिया था। सीबीआइ हिरासत समाप्त होने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था।

## उत्तर की ओर जाने वाली और पूर्व तट रेलवे जाने वाली ट्रेनें प्रभावित होंगी



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** आदिवासी कुर्मी समाज द्वारा खड़गपुर मंडल के खड़गपुर-टाटा रेलवे खंड में खेमासुली स्टेशन पर और दक्षिण पूर्व रेलवे क्षेत्राधिकार के तहत आद्रा मंडल के आद्रा-चांडिल रेलवे खंड में कुस्तावर स्टेशन पर जन आंदोलन को देखते हुए, पूर्व तट रेलवे अधिकार क्षेत्र से उत्तर की ओर जाने वाली ट्रेनें निम्नलिखित के अनुसार आंशिक रूप से प्रभावित हुए हैं जिसके परिणामस्वरूप रद्दीकरण और आंशिक बातिल हुआ है।

### ट्रेनों का डायवर्जन

18478 ऋषिकेश-पुरी कलिंग उत्कल एक्सप्रेस 4 अप्रैल को ऋषिकेश से इब-झारसुगुड़ा रोड और संबलपुर के रास्ते डायवर्ट रूट पर चलेगी। 12802 नयी दिल्ली-पुरी पुरुषोत्तम एक्सप्रेस 4 अप्रैल को नयी दिल्ली से डायवर्ट रूट पर गोमोह-भोजुडीह-आद्रा-मिदनापुर और हिजली होकर चलेगी। 12819 भुवनेश्वर-आनंद विहार ओडिशा संपर्क क्रांति एक्सप्रेस 5 अप्रैल को भुवनेश्वर से डायवर्ट रूट पर मिदनापुर-आद्रा-भोजुडीह-गोमोह होकर चलेगी। 18006 जगदलपुर-हावड़ा समलेश्वरी एक्सप्रेस 5 अप्रैल को जगदलपुर से टाटा-चांडिल-पुरुलिया-बोकारो स्टील सिटी-आद्रा-मिदनापुर होकर चलेगी। 5 अप्रैल को पुरी से 18477 पुरी-ऋषिकेश कलिंग उत्कल एक्सप्रेस वाया संबलपुर-झारसुगुड़ा रोड और इब। 22824 नयी दिल्ली-भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस 5 अप्रैल को नई दिल्ली से डायवर्ट रूट पर गोमोह-भोजुडीह- आद्रा-मिदनापुर-हिजली होकर चलेगी। 18478 ऋषिकेश-पुरी कलिंग उत्कल एक्सप्रेस 5 अप्रैल को ऋषिकेश से डायवर्ट रूट वाया इब-झारसुगुड़ा रोड एवं संबलपुर होकर चलेगी।

### ट्रेनों का रद्द होना

5 अप्रैल को दोनों दिशाओं से 12801/12802 पुरी-नयी दिल्ली-पुरी पुरुषोत्तम एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

### ट्रेनों का आंशिक रद्दीकरण

22606 विल्लुपुरम-पुरुलिया एक्सप्रेस 5 अप्रैल, 2023 को विल्लुपुरम से आद्रा तक चलेगी और आद्रा से पुरुलिया तक रद्द रहेगी।

## धनबाद-अलाप्पुझा-धनबाद एक्सप्रेस का अताबिरा स्टेशन में प्रायोगिक ठहराव

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** से छह महीने की अवधि के लिए प्रयोगात्मक आधार पर अताबिरा स्टेशन पर 13351/13352 धनबाद-अलप्पुझा-धनबाद एक्सप्रेस का अतिरिक्त ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। 13351 धनबाद-अलप्पुझा एक्सप्रेस 23:05 बजे अत्ताबिरा पहुंचेगी और 23:07 बजे रवाना होगी। वापसी दिशा में 13352 अलप्पुझा-धनबाद एक्सप्रेस 21:55 बजे अताबिरा पहुंचेगीऔर 21:57 बजे प्रस्थान करेगी।

तोरपा विधानसभा क्षेत्र के सभी लोगों को प्रकृति के पर्व सरहुल की हार्दिक शुभकामनाएं
विनोद नाग
जिला महामंत्री
भाजपा, खूंटी

S M TOY & School Furniture
Old Bank Colony, RMCH Road Sadhu Maidan
Shop Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z
For School, Playground, Playschool Park, Playazone, Mails, Backyard, Recreation Zone Society & Anganwadis
PROP. SANTOSH KUMAR 7503729696, 9205624569

FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

## 6 महीने बाद कोरोना के 4 हजार से ज्यादा केस

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** देश में 6 महीने बाद कोरोना के नये मामले 4 हजार से ज्यादा आये हैं। मंगलवार को देश में 4,435 मामले मिले, जबकि 15 लोगों की मौत हुई। इससे पहले 28 सितंबर को 4,271 मामले सामने आये थे। इस दौरान 2,508 लोग इस बीमारी से ठीक हुए। फिलहाल देश में 23,091 एक्टिव केस हैं। ये 18 अक्टूबर के बाद सबसे ज्यादा हैं। तब 23,376 लोगों का इलाज चल रहा था। बीते 24 घंटों में कोरोना से हुई 15 मौतों में 4 सिर्फ महाराष्ट्र में हुई हैं, जबकि राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़, गुजरात, कर्नाटक और पुडुचेरी में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई। इनके अलावा केरल से 4 लोगों की मौत रजिस्टर की गई है, लेकिन यह बैकडेट में है। यानी ये मौतें पहले कभी हुई हैं, जिन्हें आज दर्ज किया गया है। इधर, दिल्ली में कोरोना को लेकर स्वास्थ्य अधिकारी मीटिंग करेंगे।

## धामरा बंदरगाह पर पहला सीएनजी कार्गो जहाज पहुंचा, 5 दिनों तक बंद रहेगा चूल्हा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** धामरा पहली बार कार्गो सीएनजी मालवाहक जहाज धामरा बंदरगाह पर पहुंचा। पहली बार मिलहा रास लाफैन नामक जहाज ने सीएनजी के साथ धामरा बंदरगाह पर पहुंचा है। यह जहाज 26 करोड़ नेचुरल फ्रोजन गैस लेकर धामरा बंदरगाह पर पहुंचा। धामरा बंदरगाह पर एलएनजी गैस आयात टर्मिनल का निर्माण पूरा हो गया है। इस एलएनजी का उपयोग उर्वरक संयंत्रों में किया जायेगा और इस गैस को प्राकृतिक गैस और रसोई गैस बनाने के लिए बिशोधित किया जा सकता है। इस गैस टर्मिनल शुरू में 2.2 मिलियन टन से 2.3 मिलियन टन की क्षमता के साथ काम करेगा और इसे बढ़ाकर 5 मिलियन टन किया जाएगा। 21 मार्च को कोलकाता से 135 हजार क्यूबिक मीटर गैस लोड की गई और 2 अप्रैल को धामरा बंदरगाह पर पहुंची। गेल इंडिया और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने गैस बुक की। एक बार यह गैस आ जाने के बाद इसे रिफाइन कर स्टील और फर्टिलाइजर प्लांट्स को गैस पाइपलाइन के जरिए सप्लाई किया जायेगा। जबकि धामरा बंदरगाह में 2 गैस स्टोरेज बनाए गए हैं, जिनकी क्षमता 360 हजार क्यूबिक मीटर है। सूचना मुताबिक इस गैस मालवाहक जहाज धामरा बंदरगाह पर पहुंचने के बाद सतर्कता के तौर पर आसपास के गांवों में खाना नहीं बनाने की सूचना दी गई. धामरा बंदरगाह के तरफ से ग्रामीणों को 5 दिनों तक पका हुआ भोजन उपलब्ध कराया जायेगा।

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT KAZAKHASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
Call Now !
+91-7903149721
www.universityfly.com

Ranjeet Singh Kundan Singh
Proprietor
SHIVA TRADERS
T: +91-9934189684 7667384788
Shiva Complex, Rajender Chowk, Giridih Bypass Road Koderma(JH)825410
Mob: 9939563560, 7004525571, Email id: shivacement1212@gmail.com

अंग्रेजी बोलना सिखें
SPOKEN ENGLISH
ARYAN CLASSES
ENGLISH FOR ALL
The Institute that gives you fluency, proficiency and confidence
UNDER THE GUIDANCE OF EXPERTS COACH
Courses
Spoken English
Group Discussion
Interview Training
Personality Development
Public Speaking
Body Language
Grammar A to Z
Pronunciation Training
Free Demo classes
Special Features
Digital Classes Online & Offline
Daily Theory & Practical Classes
15+ Years Experienced Trainers
Purely Spoken English Classes
Special GD & Interview Lab
Classes for All Age Groups
Complete English Atmosphere
Psychological and Scientific Methods of Teaching
Extra Care Classes for Poor & Weak Students
Weekly Personality Development And Motivational Seminar
Janki Niwas [BJP Office], Beside Maheswari Sweets, Laxmi Tower, H.B. Road, Kokar, Ranchi-01
Mob.: 7858947328, 8789387791, 9386960072

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

## जन-भागीदारी कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओड़िशा।** भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर ने जवाहार नवोदय विद्यालय, कोणार्क, पुरी के सहयोग से कोणार्क में 'उत्कल दिवस' के शुभ अवसर पर जन-भागीदारी कार्यक्रमों की श्रृंखला (जी-20 की अध्यक्षता के तहत एक पहल के रुप में) शुरू कर दी है। यह उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं है कि भारत ने 'वसुधैव कुटुंबकम' विषय के साथ वर्ष 2023 के लिए जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की है। जागरुकता बढाने और राज्य में भारत की जी-20 अध्यक्षता के साथ भागीदारी और स्वामित्व की भावना को आत्मसात करने के लिए,राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आर्थिक क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए संगोष्ठियां, वेबिनार, प्रतियोगिताओं और अन्य कार्यक्रमों जैसे कि ओड़िशा की जनजाति, तटीय विकास आदि के माध्यम से 1 अप्रैल 2023 से 22 अप्रैल 2023 तक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित करने के लिए शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र की तैयारी के हिस्से के रुप में भौतिकी संस्थान (आइओपी), भुवनेश्वर को एक स्टेंडअलोन संस्थान के रुप में चिह्नित किया गया है। जन-भागीदारी कार्यक्रमों के प्रथम दिवस पर, भौतिकी संस्थान (आइओपी), भुवनेश्वर ने जवाहार नवोदय विद्यालय, कोणार्क, पुरी में विविध तकनीकी सत्रों का आयोजन किया । शुरूआत में आईओपी के निदेशक प्रो. केके. नंद ने श्रोताओं को अपनी प्रेरक वार्ता से संबोधित किया। इसके बाद प्रदीप्ति सामग्रियां और इसके अनुप्रयोग शीर्षक पर एक तकनीकी वार्ता प्रदान किया । इसके बाद प्रो. पीके. साहू, रजिस्ट्रार, आइओपी ने 'नाभिकीय ऊर्जा और इसके सामाजिक अनुप्रयोग' शीर्षक पर और डॉ. एसएन. षाडंगी, नोडल अधिकारी, जन-भागीदारी कार्यक्रम आइओपी, भुवनेश्वर ने 'नैनो विज्ञान और नैनोतकनीकी' शीर्षक पर एक वैज्ञानिक वार्ता प्रदान की। कार्यक्रम की समाप्ति ज्ञान-विज्ञान प्रतियोगिता, पुरस्कार वितरण और ओड़िसी नृत्य, संबलपुरी नृत्य, और बक्सी जगबंधु पर रचित नाटक जैसी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के रुप में उत्कल दिवस का आयोजन से हुई। आइओपी ने अपने परिसर में 3 अप्रैल 2023 को बाजरों पर विशेष ध्यान देते हुए एक खाद्य उत्सव और 4 अप्रैल 2023 को साइक्लोथोन का आयोजन किया।

बोर्ड परीक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पुस्तकें
प्रकाशित
Jharkhand Board Today CLASS-X 2023
निकटतम पुस्तक विक्रेता से अपनी प्रतियाँ शीघ्र प्राप्त कर लें।
पूर्व में प्रकाशित पुस्तकें-
मिलते-जुलते नामवाली नकली पुस्तकों से सावधान !
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA, RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
Phone : (0651) 2217945, 2217497, 9431102920, 9431174445
Visit us at www.vermapress.com, e-mail : vermapress@gmail.com

क्या आप परेशान हैं...विश्व प्रसिद्ध ज्योतिष
गुरु दयाशंकर शास्त्री
काली माता के परम भक्त
16th Times Gold Medalist Astrologer
09878184477
दिव्य चमत्कारी शक्तियों के मालिक
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
लव मैरिज, मैरिज, वशीकरण, मनचाहा प्यार, जादू टोना, गृह क्लेश, गढ़ाधन विदेश जाने में रुकावट, शादी में अड़चन, किया-कराया, कारोबार में बाधा रूठों को मनाना, पति-पत्नि में अनबन, सौतन व दुश्मन से छुटकारा आदि। यदि आपका पति, प्रेमी, बेटा, या बेटी किसी के वश में हो तो हमसे संपर्क करें।
शक्ति चमत्कार देखे 24 घंटों में घर बैठे फोन पर समाधान

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**